# चिलचिलाती धूप व उमस से लोगों का हाल बेहाल, अस्पतालों में मरीजों की बढ़ी संख्या



**नासरीगंज(रोहतास), 26 अप्रैल।** भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार जारी है। लू के थपेड़ों से लोगों का बुरा हाल है। चिलचिलाती धूप और गर्मी से जनजीवन अस्त व्यस्त नजर आ रहा है। कड़ी धूप के बीच दस बजते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। गर्म हवा के थपेड़े और कड़ी धूप काया को झुलसा रहे हैं।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 41 व न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। लू के वजह से दस बजे के बाद से ही बाजारों में सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही अप्रैल में ही गर्मी अपने प्रचंड रूप में है। पिछले कई दिनों से जारी भीषण गर्मी और लू के चलने पूरे दिन लोग बुरी तरह परेशान है। बच्चों का विद्यालय से छुट्टी के समय तापमान बढ़कर लगभग 40 डिग्री के पार हो जाता है। बढ़ती गर्मी के असर से बच्चों में तेज बुखार, डिहाइड्रेशन, उल्टी और दस्त जैसी समस्या आ रही है। छुट्टी से लौटते समय बच्चो को भीषण गर्मी का शिकार होना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। सुबह में वे किसी तरह स्कूल चले जा रहे हैं, लेकिन लौटते समय प्रचंड धूप से वे झुलस जा रहे हैं। इससे बच्चे गर्मी का शिकार हो बीमार पड़ रहे हैं। सूर्य की तपिश से धरती भी गर्म हो गई है। लोग गर्मी और तपती दोपहरी के कारण घरों से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। सुबह 9 बजे के बाद लोग लोग अपने-अपने घर से नही निकल रहे है। दोपहर के वक्त आग उगलते सूर्य ने सभी को परेशान कर दिया है। बेतहाशा गर्मी से अस्पतालों में मरीजों की संख्या भी पहले के अपेक्षा बढ़ रही है। गर्मी के चलते पानी, कोल्ड ड्रिंक, ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूज, नींबू, संतरा आदि फलों की मांग भी बढ़ गई है। दो पहिया वाहन पर सफर करने वाले लोग मुंह पर गमछा या रूमाल लगाकर सफर कर रहे हैं। गर्मी के कारण शाम के समय ही बाजारों में ग्राहक खरीदारी को आ रहे हैं। लोगों ने बताया कि मौसम में आए बदलाव के कारण जन-जीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय तो घरों से निकलना तक मुश्किल हो रहा है।

# लखनपुर में जीविका दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



**मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर), 26 अप्रैल।** स्थानीय कल्याणपुर बस्ती पूरब पंचायत स्थित लखनपुर में माया जीवका महिला ग्राम संगठन से जुड़ी जीविका दीदियों ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम संगठन की अध्यक्ष रीना देवी तथा संचालन बबीता कुमारी ने किया। जागरूकता के माध्यम से ग्राम संगठन से जुड़ी जीविका दीदीयों को वोट के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए लेखापाल अजय कुमार ने बताया कि आगामी 13 मई 2024 को मतदान केंद्र पर जाकर अपना मत आवश्यक दें एवं लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। मौके पर सुनीता देवी, सीता देवी,रेखा देवी,निर्मला कुमारी, निरमा शर्मा,रीता देवी, रंजू देवी,प्रियंका देवी,रेणु देवी,मनीषा देवी,ममता देवी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षकेतर कर्मी के निधन पर शोक सभा आयोजित

**मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर), 26 अप्रैल।** स्थानीय आर बी एस कॉलेज,अंदौर में शिक्षकेतर कर्मी शंकर दास की असामयिक मृत्यु पर शोक सभा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से पार्थिव शरीर पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजली अर्पित किया गया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. अशरफ अली सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

### बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन को सौगात देना ऐतिहासिक पल -डॉ.मनीष

**बिक्रमगंज (रोहतास), 26 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगभग 14 साल के लंबे अंतराल के बाद अनुमंडलीय क्षेत्र बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की 26 फरवरी को सौगात मिलना एक ऐतिहासिक युग की शुरुआत हुई है। जिसके सौगात के मिलने पर पूरे अनुमंडल क्षेत्र की जनता में हर्ष का माहौल बना हुआ है। वही प्रधानमंत्री द्वारा अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना पुनर्विकास के इस ऐतिहासिक पहल पर हर्षित होकर उनका आभार व्यक्त करते हुए भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री सह काराकाट विधानसभा क्षेत्र के युवा भावी प्रत्याशी डॉ. मनीष रंजन ने बताया कि बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन 6 दिसंबर, सत्र 2006 को पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव द्वारा जब बिक्रमगंज से पीरो तक पहली बार रेलवे का शुभारंभ के बाद लोगों में काफी उत्साह था। लेकिन एक दशक बीतने के बाद यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन को 12.25 करोड़ की पुनर्विकास कार्य की सौगात मिलते ही अनुमंडल बिक्रमगंज सहित काराकाट विधानसभा सह लोकसभा क्षेत्र के सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जो बहुत जल्द ही बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत सुगमता व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, आवश्यकतानुसार स्टेशन भवन, प्रवेश एवं निकास द्वार, फुटओवर ब्रिज, कॉनकोर्स, प्लेटफॉर्म, सकुलेटिंग एरिया, पार्किंग, दिव्यांग सुविधाओं, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, स्वच्छता व्यवस्था, पहुंच पथ, संकेत एवं निर्देश बोर्ड, ट्रेन डिस्प्ले और उद्घोषणा प्रणाली, लिफ्ट, 1 एस्कलेटर, मल्टी पर्पस फूट ओवर ब्रिज,मल्टी पर्पस आरक्षण केंद्र, स्टेशन सुंदरीकरण व अन्य आवश्यक पुनर्विकास विकास कार्य की एक नई उदय होगी।

### दुर्घटना में घायल बच्चे की हुई मृत्यु

**बिक्रमगंज (रोहतास), 26 अप्रैल।** अनुमंडल क्षेत्र के घोसिया खुर्द में आरा- सासाराम मुख्य पथ पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल से ठोकर लग जाने के कारण 8 वर्षीय बच्चे की घायल अवस्था में इलाज के दौरान हुई मौत। आपको बता दें, कि मृत बालक 23 मार्च को ही अपने बुआ के घर शादी में शामिल होने के लिए आया था, जो सड़क पर जाने के क्रम में किसी अज्ञात मोटरसाइकिल के ठोकर का शिकार हो गया। उसे घायल अवस्था में संझौली के एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया। लेकिन चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे बाहर रेफर कर दिया। तत्पश्चात उसका इलाज वाराणसी में चल रहा था। लेकिन गुरुवार को उसकी मौत हो गई मौत के बाद परिजनों एवं गांव वालों ने असंतोष जाहिर करते हुए, उस गरीब दलित परिवार के लिए मुआवजे की मांग को लेकर सड़क को जाम कर दिया। धरना स्थल पर बिक्रमगंज थाना अध्यक्ष ललन प्रसाद एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित प्रताप सिंह के पहुंचने और समझाने बुझाने के बाद जाम को हटाया जा सका मृतक बच्चा सुगंध कुमार,उम्र करीब आठ साल,बगेया गांव, थाना संझौली का निवासी धीरेंद्र पासवान का पुत्र बताया जाता है।

### ट्रैक्टर व बाइक मे हुई टक्कर मे तीन लोग हुए घायल

**कोचस (रोहतास), 26 अप्रैल।** थाना क्षेत्र के इंदौर कालेज के निकट शुक्रवार को ट्रैक्टर व बाइक मे जोरदार भिड़ंत हो गई जिस पर बाइक सवार तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। घयालो मे महिला प्रमिला देवी पति अजय उपाध्याय, रेखा कुमारी, तथा गांव गोड़ारी थाना काराकाट निवासी गगन कुमार शामिल है। घटना के बारे मे बताया जाता है कि बाइक सवार युवक अपने रिश्तेदारी से सादी समारोह मे सामिल हो वापस घर जा रहा था, तभी अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पीछे से बाइक मे ठोकर मार घायल कर दिया। वही घटना के बाद सभी घायलो को स्थानीय लोगों के सहायता से कोचस समुदाइक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहा मौके पर मौजूद चिकित्सको ने उपचार कर इस्थिति बिगड़ते देख बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया है।

### फरार चल रहे एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोचस (रोहतास), 26 अप्रैल।** शुक्रवार को कोचस पुलिस ने पूर्व कांड संख्या 134/21 मामले मे फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम सतसा थाना कोचस निवासी सरदार पासवान का पुत्र जयप्रकाश पासवान बताया जाता है। इसकी पुष्टि करते हुए थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया की जयप्रकाश पासवान कांड संख्या 134/21मे कई महीनो से फरार चल रहा था कि प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त को उसके घर से ही गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक अभिरक्षा मे जेल भेज दिया है।

### पिकअप के चपेट मे आने से एक महिला हुई घायल

**कोचस (रोहतास), 26 अप्रैल।** थाना क्षेत्र के लकड़ी मोड़ के निकट शुक्रवार को तेज रफ्तार से आ रही एक अज्ञात पिकअप ने बाइक मे ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार महिला बुरी तरह घायल हो गई। हालांकि ठोकर मार चालक वाहन लेकर भागने मे सफल रहा। घायल महिला अमैसीडिहरा निवासी विद्यासागर यादव की पत्नी प्रभावती देवी बताई जाती है। वही घायल महिला को घटना अस्थल पर मौजूद लोगो के सहायता से कोचस के पीएचसी लाया गया, जहा मौके पर मौजूद चिकित्सको ने उपचार उपरांत बेहतर इलाज के लिए उसे बाहर रेफर कर दिया।

# सोलह क्षेत्रों में कार्यरत लोग पोस्टल वैलेट से कर सकेंगे मतदान



**गोपालगंज, 26 अप्रैल।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-60 एवं निवार्ची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका की कंडिका 11.15.01 से 11.15.10 तक में आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मियों को पोस्टल वैलेट के जरिये मतदान कराये जाने का प्रावधान है. भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार के कुल सोलह कार्यालय यथा विद्युत विभाग, दूरसंचार, रेलवे, डाक, दूरदर्शन, रेडियो, भारतीय खाद्य निगम, काम्फेड दुग्ध उत्पादन, ट्रांसपोर्ट, अग्निशमन, यातायात, विमानन, एम्बुलेन्स सर्विसेज एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत मतदान दिवस कवरेज में संलग्न मीडिया पर्सन्स को यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

धातव्य हो कि वर्णित मतदाता के संबंधित कार्यालय प्रधान को इस कोषांग के ज्ञापांक-20/ दिनांक-03.04.2024 से फार्म 12 डी उपलब्ध कराते हुए ससमय भरा हुआ प्रपत्र 12डी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में प्राप्त कराने का निर्देश निर्गत है. जिला के वेबसाईट पर भी यह फार्म 12 डी एवं पत्र उपलब्ध है।

आवश्यक सेवाओं में संलग्न कर्मियों के अतिरिक्त बुजुर्ग मतदाता जो 85 वर्ष से उपर के हों तथा दिव्यांग मतदाता जो 40 प्रतिशत से अधिक आच्छादित हों ,को भी उनके संबंधित बी एल ओ के माध्यम से फार्म 12 डी उपलब्ध कराया जा रहा है. जिला के वेबसाईट पर उपलब्ध फार्म 12 डी एवं संलग्न पत्र के आलोक में ईच्छुक मतदाता उचित माध्यम से अधिसूचना की निर्गत तिथि से पाँच दिनों के अंदर अपना अभ्यावेदन समर्पित कर सकते है. प्राप्त आवेदन के आलोक में सूची जारी की जायेगी।

जिसके उपरान्त सूचीबद्ध मतदाता मतदान केन्द्र पर मतदान से वंचित हो जायेंगे. सूचीबद्ध सभी मतदाताओं को पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा. जिसकी सूचना सभी को ससमय उपलब्ध करा दी जायेगी।

## कार से बैग ले भागे उच्चके, प्राथमिकी दर्ज

**सासाराम, 26 अप्रैल।** शहर के सबसे व्यस्ततम एवं पुरानी जीटी रोड स्थित पोस्ट आफिस चौराहे के समीप शुक्रवार की दोपहर कुछ उच्चकों ने एक महिला को चकमा देकर गाड़ी के अंदर रखे बैग को उड़ा लिया। जानकारी के मुताबिक शहर के कुराइच मोहल्ला निवासी सुषमा कुमारी अपनी गाड़ी से पोस्ट ऑफिस चौराहे के समीप से गुजर रहीं थी। तभी कुछ लोगों ने उन्हें गाड़ी से इंजन ऑयल गिरने का इशारा किया और जब उचक्कों के झांसे में आए ड्राइवर व पीड़ित महिला ने नीचे उतरकर गाड़ी को देखने लगे तो बदमाश गाड़ी में रखें बैग को निकाल कर आराम से फरार हो गए। वहीं कोई खराबी या रिसाव नजर नहीं आने के बाद जब दोनों वापस गाड़ी में बैठने लगे तो उन्होंने देखा की गाड़ी में रखा बैग गायब है। जिसके बाद उन्हें झांसे में लेकर लूटे जाने का आभास हुआ और उनके द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना के संदर्भ में पीड़ित सुषमा कुमारी ने बताया कि बैग में सिर्फ 35 सौ रुपए नगद एवं कुछ गैर जरूरी सामान रखे हुए थे।

# एसपी ने 34 पुलिस कर्मियों का वेतन काटा



**गोपालगंज, 26 अप्रैल।** जिले से पुलिस बल के जवान और पदाधिकारी प्रथम चरण का चुनाव कराने के लिए गए हुए थे और वहां से चुनाव संपन्न करा कर उन्हें द्वितीय चरण के चुनाव में शामिल होना था. परंतु उनमें से 34 पुलिस के जवान द्वितीय चरण के चुनाव को लेकर, जहां उन्हें योगदान देना था वहां नहीं पहुंचे तीन दिनों के लिए बिना किसी को बताएं अपने घर चले गए।

तीन दिन घर पर बिताने के बाद ये लोग ड्यूटी पर हाजिर हुए। इसकी जानकारी गोपालगंज के एसपी स्वर्ण प्रभात को हुई और उन्होंने इन पुलिस बल के जवानों का तीन दिनों का वेतन काटने का निर्देश जारी कर दिया .इस मामले में एसपी ने बताया कि जिला बल के 34 सिपाही को शेखपुरा में 1२३ फेज का चुनाव कराकर किशनगंज जिला में दूसरे फेज के लिए रिपोर्ट करना था. परंतु इनमे से 34 सिपाही किशनगंज जाने की बजाए अनाधिकृत तरीके से घर चले गए थे. तीन दिनों बाद रिपोर्ट किया .जिसको लेकर इन सभी 34 सिपाहियों का तीन दिनों का वेतन काटा गया है।

# पोस्टल बैलेट को सुरक्षित जमा करने को लेकर हुई बैठक




**गोपालगंज, 26 अप्रैल।** गोपालगंज-17 (अ०जा०) लोकसभा के पोस्टल बैलेट से मतदान के निमित्त जिला पदाधिकारी महम्मद मकसूद आलम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में अग्रणी डॉक अधीक्षक के साथ बैठक हुई.संबंधित बैठक में निर्वाचन की महत्ता को देखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के आलोक में गोपालगंज के भारतीय सेना ,फोर्स आदि में सेवा देने वालों के मतदान के पश्चात पोस्टल बैलेट (ई०टी०पी०बी०एस० )डाक से सादे लिफाफे में प्राप्त होना है।

डाक को सावधानी पूर्वक सुरक्षित प्राप्त कर कोषागार बज्रगृह में वीडियोग्राफी कराते हुए जमा करना है। अभ्यर्थिता वापसी से मतगणना की तिथि तक प्रत्येक दिन तीन बजे तक पोस्टल बैलेट जमा होना है .इसके सहायक निवार्ची पदाधिकारी फैजान सरवर डी सी एल आर सदर हैं. यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी महम्मद मकसूद आलम ने दी।

बज्रगृह मे जमा करने के क्रम में राजनीतिक दल के प्रतिनिधि और लोक सभा उम्मीदवार या प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं. इसके लिए निर्देश दिया गया कि पोस्टमास्टर चिन्हित कर डाकिया उपलब्ध करायेंगे. जिसका जिला प्रशासन द्वारा पहचान पत्र निर्गत किया जायेगा।

# चुनाव के मद्देनजर एक-एक गतिविधियों की डीएम ने ली जानकारी

**गोपालगंज, 26 अप्रैल।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के छठवें चरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के आलोक में गोपालगंज -17 लोकसभा के मतदान दिवस 25 मई 2024 की तैयारियों तथा वाहन,डिस्पैच,सुरक्षा बलों के आवासन आदि के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी महम्मद मकसूद आलम ,पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात एवं उप विकास आयुक्त अभिषेक रंजन द्वारा समाहरणालय के सभा कक्ष में सभी ए०ई०आर०ओ०,प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं सभी थानाध्यक्षों के साथ समन्वय बैठक की गयी.

संबंधित बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में कुल पांच डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं. बूथवार कौन सी गाड़ी किस बूथ पर जा पाएगी इसका आकलन कर शीघ्र परतिवेदित किया जाय ताकि उसी अनुसार वाहन पकड़े जाएंगे .वाहन पकड़ने के पश्चात उनका लॉग बुक खोलकर आवश्यकता अनुसार वाहन को मतदान केंद्र वार टैग कर देना है .जिससे मतदान अधिकारी को वाहन संख्या और चालक का मोबाइल नंबर आदि ससमय प्राप्त हो सके.प्रत्येक विधानसभा अंतर्गत एक मतदान केंद्र, दो मतदान केंद्र, तीन मतदान केंद्र, चार मतदान केंद्र एवं पांच मतदान केंद्र वाले भवन की संख्या सबको उपलब्ध करा दी गई है .जिसकी पहुंच पथ पर किस प्रकार के वाहन की पहुंच सुलभता से हो सकती है इसकी सूची उपलब्ध करा दी जाय.उनके द्वारा बताया गया कि इसी आकलन अनुसार थानावार वाहन पकड़ने का टारगेट दिया जाएगा. जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि 5 दिन पूर्व से ही पकड़े गए वाहनों के चालकों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन अनुसार खाने पीने के लिए वेंडर के माध्यम से उचित मूल्य पर भोजन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे .साथ ही पर्याप्त मात्रा में रोशनी वॉटरप्रूफ टेंट पानी शौचालय और टीवी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे.

उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि सभी मतदान केन्द्रों का रूट वेरीफाई कर लेंगे. सदर एस डी पीओ प्रांजल द्वारा बताया गया कि कुचायकोट प्रखंड में सुरक्षा बलों के आवासन के लिए कुल 7 से 8 विद्यालयों की आवश्यकता है.

पुलिस अधीक्षक गोपालगंज द्वारा बताया गया कि गोपालगंज जिले को मतदान करने के लिए कुल 9000 सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी. जिसमें 8000 लगभग 100 कंपनी सुरक्षा बलों की तैनाती बाहर से रहेगी . जिनके आवासन के लिए भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक मूलभूत सुविधा जिसमें आवासन स्थलों के लिए जनरेटर प्रत्येक कमरे में पावर सॉकेट पर्याप्त प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था और प्रत्येक एक कंपनी के लिए 10 शौचालय एवं स्नान गृह आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए. जिसके लिए पीएचइडी डिपार्मेंट को 3 दिन के अंदर आवासन की सूची उपलब्ध करा दें. जिससे आवश्यक व्यवस्था ससमय विभाग द्वारा कराया जा सके. प्रखंड वार सभी को सुरक्षा बलों की तैनाती संबंधी संख्या भी उपलब्ध करा दी गई. जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि वाहन मालिकों को 20 मई के लिए नोटिस कर उन्हें नोटिस हस्तगत कर दें. जिस मतदान केंद्र के भवन तक बस नहीं जा सकती ऐसे मतदान केन्द्रों की सूची 48 घंटे में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी उपलब्ध कराएंगे. जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट और बूथ लेवल ऑफिसर के माध्यम से शत प्रतिशत मतदाताओं के घर मतदान पर्ची हस्तगत कराना सुनिश्चित करेंगे. सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मतदान केंद्र वार रसोईया को टैग कर उनके साथ बैठक कर मतदान कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था हेतु आवश्यक निर्देश दें।

# भगवान के नाम स्मरण से कल्याण संभव : आचार्य

**सासाराम , 26 अप्रैल।** कलि युग में भगवान के नाम स्मरण से ही कल्याण संभव है।इस युग में गृहस्थ आश्रम का विशेष महत्व बताया गया है।गृहस्थ आश्रम में अपना सभी काम करते हुए यदि कोई मानव भगवान का नाम का स्मरण करते रहे तो मोक्ष की प्राप्ति होती है।यह बात भुआवल गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह यज्ञ में आचार्य अवध बिहारी पांडेय ने कही । इन्होंने अपने अमृत वाणी में भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप से लेकर पूरे अवतरण काल तक के कल्याणकारी कार्यों को विस्तृत बताया ।

श्री पांडेय ने बताया की मनुष्य यदि अपने माता पिता के सेवा करे तो भी इस युग में मोक्ष संभव है । इस यज्ञ के आयोजक विनय तिवारी ने बताया की भगवान के कथा यज्ञ का आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव जीवन और समाज के लोगो का कल्याण करना है । श्री तिवारी ने बताया की इस यज्ञ का समापन शनिवार को किया जाएगा।इस मौके पर पंडित दशरथ मिश्रा,गुडु बाबा,शिव कुमार पांडेय, डालू तिवारी, गोलू तिवारी,छोटी तिवारी के साथ कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न हिस्से में आग लगी की घटनाएं

**बिक्रमगंज (रोहतास), 26 अप्रैल ।**अनुमंडल क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में गुरुवार को देर शाम तक आग लगने और उससे फसल एवं अन्य वस्तुओं के जल जाने की सूचना प्राप्त हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिक्रमगंज थाना के बलुआही गांव में खलिहान में लगे चना के देर में आग लगने के कारण जहां सुरेश सिंह का एक बीघा का चना जलकर राख हो गया वहीं उनके खलिहान में लगे दो बाई का भूसा एवं पांच बाई का वाल भी जलकर नष्ट हो गया जो पशुओं के चारे के लिए रखा गया था। खलिहान में लगे इस आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने अथक प्रयास किया और बाद में अग्नि शमन विभाग की गाड़ी भी मंगाई गई, जिनके सहयोग से आग पर काबू पाया गया।आगलगी के बाद हुए इस नुकसान के कारण आपदा प्रबंधन विभाग से सहायता के लिए सुरेश सिंह के द्वारा अंचलाधिकारी बिक्रमगंज को आवेदन समर्पित कर दिया गया है। वहीं दूसरी ओर मालियाबाग में वन विभाग के भंडारण स्थान पर लगे आग के कारण वन विभाग के लाखों की लकड़ियां जलकर राख हो गई।

## स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन

**सासाराम, 26 अप्रैल ।** सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग, एनएनसी, जीएनएसयू द्वारा स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन अकोढीगोला के आगावंडी केंद्र में किया गया जिसका संचालन जीएनएम तृतीय वर्ष, बैच-2021-24 द्वारा किया गया।आगावंडी केंद्र पहुंचकर नर्सिंग विद्यार्थियों ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरू किया। स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम का उद्घाटन स्कूल प्रिंसिपल की उपस्थिति में एनएनसी के नर्सिंग ट्यूटर आदित्य राणा द्वारा किया गया। स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम में 200 छात्र शामिल थे, जिनमें से 40 छात्र आगावंडी से और बाकी 160 छात्र गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के यूकेजी से 10वीं कक्षा तक के छात्र थे। इनमें से 90 लड़के और 70 लड़कियां थीं।सभी छात्रों की ऊंचाई, वजन, महत्वपूर्ण लक्षण और सिर से पैर तक का मूल्यांकन किया गया। स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नतीजे से पता चला कि 20 छात्र प्रथम डिग्री कुपोषण से पीड़ित थे, 10 छात्र दंत रोगों से पीड़ित थे।कार्यक्रम का समापन आदित्य राणा द्वारा गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के स्कूल प्रिंसिपल को सम्मानित करके किया गया। उसके बाद आगनवाडी और स्कूली छात्रों जलपान वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वय आदित्य राणा, नर्सिंग ट्यूटर, सीएचएन, जीएनएम तृतीय छात्र विभाग द्वारा किया गया था।

# पराली में आग लगाने वाले किसानों पर होगी कार्रवाई

**राजपुर रोहतास, 26 अप्रैल ।** प्रखण्ड में आगलगी की घटनाओं में आए तेजी ने अधिकारियों के कान खड़े कर दिए हैं। सप्ताह के कुछ दिनों में क्षेत्र अन्तर्गत खेतों में पराली जलाये जाने की घटनाओं में बृद्धि दर्ज हुई है।जिस कारण बहुत सारे किसान कीआगलगी की घटना से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई। जिसका जायजा लेने शुक्रवार को जिला कृषि पदाधिकारी राजपुर पहुच सीओ अंकिता वर्मा के साथ आग लगी वाले क्षेत्रों का मुआयना किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कई दिशा निर्देश दिया।खेत खलिहान समेत कई अन्य जगहों पर आग लगने की घटनाओं में हुए वृद्धि को देखते हुए इस पर काबू पाने के लिए डीएओ व स्थानिय प्रशासन ने शुक्रवार को क्षेत्र अन्तर्गत आगलगी की घटनाओं वाले ईलाके में दौरा कर दोषी किसानों के विरुद्ध आइपीसी की धाराओं में कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी जारी किया।इस दौरान डीएओ ने किसान भवन में विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक कर जांच करने का आदेश जारी किया।डीएओ ने कहा कि गांव गांव में घूमकर आग से सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग व आपदा प्रबंधन विभाग ने खेतों में फसल अवशेष न जलाने के लिए माइकिंग कर जागरूकता अभियान चलाया है। बावजूद भी कतिपय असमाजिक प्रवृति के कृषकों ने खेत में पराली जलाने का काम किया है।जो दणडनीय है। वैसे लोगों को चिन्हित कर कारवाई की जाएगी।इनपुट मिलते हीं दोषी किसानों की सूची तैयार कर आइपीसी की धारा 188 के अन्तर्गत प्राथमिकी करते हुए एयर प्रीवेंशन एंड ग्लोबल ऑफ पॉल्यूशन एक्ट 1981 एवं एनवायरमेंट पॉल्यूशन एक्ट 1986 में निहित प्रावधानों के आलोक में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि चिन्हित किसानों को कृषि सहकारिता एवं समबन्धित विभाग से मिलने वाला लाभ भी नहीं दिया जाएगा।

# लोकसभा चुनाव को लेकर बने डिस्पैच सेंटर का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण, दिये निर्देश



**पूर्वी चंपारण,26 अप्रैल।** जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। इसी क्रम शुक्रवार को डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से जिले के चिरैया, ढाका, हरसिद्धि एवं गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया।

साथ ही वहां प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ की बैठक कर कई आवश्यक निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में डिस्पैच सेंटर बनाये गये है, जिसमें 21-ढाका विधानसभा क्षेत्र के लिए, महादेव साह 2 उच्च विद्यालय, चिरैया व 13-हरसिद्धि विधानसभा क्षेत्र के लिए महंत शिव शंकर गिरी कॉलेज अरेराज में बनाए गए डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया साथ ही चिरैया डिस्पैच सेंटर के सभागार में चिरैया व ढाका विधान सभा तथा अरेराज डिस्पैच सेंटर के सभागार में इस विद्यालय के सभागार में सभागार में हरसिद्धि एवं गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक में डीएम द्वारा सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिसमें मुख्य रूप से ईवीएम कमिशनिंग,पोस्टल बैलेट से मतदान की प्रक्रिया एवं तिथि के बारे में बताया गया। सेक्टर पदाधिकारी को मतदान से पूर्व, मतदान के दिन एवं मतदान के पश्चात किए जाने वाले कार्य एवं बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कहा गया कि सेक्टर पदाधिकारी को अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहना होगा। साथ ही मतदान की तिथि से 5 दिन पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक सेक्टर पदाधिकारी द्वारा किए जाने वाले कार्यों को विस्तार से बताया गया और उसे ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। एसपी ने पदाधिकारियों को संबोधित करते कहा कि सेक्टर पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी एक साथ सहयोगपूर्ण रवैया अपनाते हुए हर स्तर पर आपसी समन्वय से कार्य को पूर्ण करेंगे।

# सिवान में बस ने बाइक को रौंदा, मां-बेटों की मौत

**पटना, 26 अप्रैल।** बिहार में सिवान जिले के सिसवन थाना क्षेत्र अन्तर्गत सिसवन-सिवान मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को हरे राम ब्रह्मचारी उच्च विद्यालय के समीप बस ने बाइक को रौंद दिया, जिससे बाइक सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान भागर निवासी जयराम राम की पत्नी चिंता देवी (42), पुत्र कुंदन कुमार (18) तथा प्रिंस कुमार (08) के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर सिवान अस्पताल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक भागर निवासी जयराम राम की पत्नी चिंता देवी सारण के एकमा थाना क्षेत्र के ढेकुली स्थित रिश्तेदार के यहां से आज सुबह पुत्र कुंदन कुमार एवं प्रिंस कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रही थी।

इस बीच सिसवन-सिवान मुख्य पथ पर हरेराम ब्रह्मचारी उच्च विद्यालय के समीप सामने से आ रही बस ने उनकी बाइक को रौंद दिया। इस दुर्घटना में चिंता देवी एवं पुत्र कुंदन कुमार की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि प्रिंस कुमार घायल हो गया। घटना के बाद बस चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना थाने को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायल प्रिंस को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसकी स्थिति गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान प्रिंस कुमार की मृत्यु हो गई।

# पीएम की सभा को लेकर महिलाओं में देखा गया उत्साह, सुबह से ही सभा स्थल जाने के लिए उमड़ी भीड़

**अररिया, 26 अप्रैल।** बिहार में अररिया जिले के फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी जनसभा में महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में सुबह से ही महिलाएं सभा स्थल जाने के लिए प्रवेश द्वार के पास कतारबद्ध दिखी। प्रधानमंत्री के संबोधन को सुनने के लिए न केवल शहरी इलाके बल्कि बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों की महिलाएं भी सभा स्थल में उमड़ी हुई थी। प्रधानमंत्री एयर फोर्स के विमान से करीब एक बजे हवाई अड्डा के मैदान में बने हेलीपैड पर उतरे और मंच पर आकर चुनावी जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एनडीए गठबंधन के लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान, जदयू नेता एवं मंत्री विजेंद्र यादव, मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल, मंत्री नीरज कुमार बबलू, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन, डॉ. राजेंद्र गुप्ता सहित भाजपा जदयू के नेता और अररिया समेत सुपौल के उम्मीदवार ने भी मंच साझा किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांचवी बार फारबिसगंज आए थे। जिसको लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह तो था ही बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी। दूर दराज क्षेत्र और दूसरे जिले और नेपाल से भी महिलाएं पहुंची हुई थी। सुबह से ही उनका संबोधन को सुनने के लिए लोग कतारबद्ध हो लेकर प्रवेश किए। मौके पर अररिया से पहुंची राधिका देवी ने बताया कि वह कल ही अयोध्या से लौटी है और आज फारबिसगंज नरेंद्र मोदी को देखने के लिए पहुंची है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम को लाने वाले प्रधानमंत्री का दर्शन कैसे न किया जाय।वहीं नेपाल को सुनसरी जिला के कप्तानगंज से पहुंची तमन्ना राई, मधुरिमा देवी, सुष्मिता देवी, काव्या कुमारी आदि ने बताया कि नरेन्द्र मोदी न केवल भारत देश में लोकप्रिय हैं बल्कि नेपाल में भी काफी लोकप्रिय है। इन महिलाओं ने कहा कि भगवान राम को स्थापित कर न केवल हिंदू समुदाय और भारत में बल्कि नेपाल में भी अपना कद काफी बड़ा कर लिया है। महिलाओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने और सुनने के लिए आए हैं।

जोगबनी से आई राधा देवी, मनोरमा देवी, मधु देवी, शर्मिला देवी, नरपतगंज से आई रूमी कुमारी, अनिला सिंह, चांदनी देवी, नयना कुमारी, सुपौल से आई सुषमा कुमारी, मालती कुमारी, बॉबी देवी, मोनिका कुमारी आदि ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए भगवान श्री राम की कृतिका के स्थापना को अद्भुत और ऐतिहासिक देन करार दिया। महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया।

# वाहन जांच के दौरान निगरानी दल ने जब्त किया लाखों रुपए

**सहरसा,26 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिले के विभिन्न स्थलों पर बनाए गए चेक पोस्टों पर चल रहे सघन वाहन जांच के दौरान स्थैतिक निगरानी दल हुसैनचक 76 सिमरी बख्तियारपुर चेक पोस्ट पर गौतम कुमार पिता अरविंद कुमार यादव सलखुआ थाना के इटहरी ग्राम निवासी कि स्कॉर्पियो गाड़ी की जांच के द्वारा कुल 1,99,500 एक लाख निन्यानवे हजार पांच सौ नगद राशि पाई गई।

जब्त राशि के संबंध में जांच स्थल पर कोई संतोषप्रद प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर पाने की स्थिति में स्थैतिक निगरानी दल के दंडाधिकारी सूरज कुमार एवं उड़नदस्ता दल के दंडाधिकारी शुभम वर्मा द्वारा राशि जब्ती की कार्यवाही की गई एवं संबंधित थाना अध्यक्ष सिमरीबख्तियारपुर के एसएचओ को राशि सुपुर्द कर दिया गया।

निर्वाचन व्यय अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह राज्य कर संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि आदर्श आचार संहिता के अक्षरशः अनुपालन तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने हेतु हमारी पूरी टीम पुलिस बल के साथ जिले के सभी चेक पोस्टों पर पूरी मुस्तादी के साथ आने-जाने वाली सभी गाड़ियों की गहन जांच करवाई जा रही है। किसी भी परिस्थिति में चुनाव को प्रभावित करने वाले सभी कारकों को हम लोग जब्त करने का काम करेंगे।

# कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी: नरेन्द्र मोदी

**फारबिसगंज/अररिया (बिहार), 26 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फारबिसगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के संसाधनों पर यदि पहला हक किसी का है तो वह देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का। चाहे वह किसी भी जाति-धर्म का हो। यदि वह गरीब है तो देश के संसाधनों पर पहला हक उसका है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोट बैंक के खास लोगों का है। कांग्रेस आपके मंगलसूत्र का एक्स-रे और गहने का हिसाब-किताब करने की बात करती है।

आपकी बची हुई संपत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि आप चाहते हैं कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों के काम आए लेकिन आईएनडीआई गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। इसलिए पूरा देश कह रहा है कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों, आप आईएनडीआई गठबंधन को रोक सकते हैं। इसलिए सात मई को कमल के फूल और तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। उन्होंने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह और सुपौल से जदयू के प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए वोट मांगे।

## तेजस्वी यादव पहले लालू: राबड़ी राज के विकास कार्यों का हिसाब दें: ओम प्रकाश

**पटना।** जदयू के प्रदेश महासचिव और मीडिया पैनलिस्ट ओम प्रकाश सिंह सेतु ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा है कि बिहार को लेकर जो 7 सवाल वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से पूछ रहे हैं, उनको पहले अपने पिता लालू प्रसाद और माता राबड़ी देवी के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का भी हिसाब देना चाहिए। यह बताना चाहिए कि हाईकोर्ट द्वारा बिहार में जो जंगलराज की टिप्पणी की जाती थी, उसकी हकीकत क्या है। बिहार की कानून व्यवस्था की क्या हालत थी? उनके पिता सजायाफ्ता क्यों हैं? उनके इस तरह के अनर्गल सवालों के बहकावे में जनता नहीं आने वाली। वह एनडीए को पूर्ण समर्थन देने का मन बना चुकी है। श्री सेतु ने कहा है कि आज बिहार में बिजली है, सड़कें हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य की उत्तम व्यवस्था है।

# अभाविप ने आरबीआई गवर्नर को राज्य के विवि के बैंक खाते फ्रीज करने को लेकर कार्रवाई की मांग की

**पटना, 26 अप्रैल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गर्वनर को पत्र लिखकर बिहार के विश्वविद्यालयों (विवि) के बैंक खातों से नियमों के विपरीत अवैध हस्तांतरण तथा गैरकानूनी तरीके से बैंक खातों को फ्रीज करने के मामलों में संबंधित बैंकों के ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों के बैंक खाते अवैध रूप से फ्रीज करने के बाद उत्पन्न हुए वित्तीय संकट से विश्वविद्यालय पूरी तरह ठप्प पड़ गये है।

गर्वनर को भेजे गए पत्र में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्पष्ट उल्लेख किया है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम,1976 तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट,1934 के अनुसार वित्तीय क्षेत्र से जुड़े निर्णयों से जुड़े नियमों को पूरी तरह से अनदेखा करते हुए राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के एक प्रशासनिक अधिकारी के आदेश पर बैंक खातों से अवैध हस्तांतरण तथा बैंक खातों को फ्रीज करने की गैर-कानूनी कार्रवाई हुई है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता तथा सुचारू संचालन में बाधा बने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य शिक्षा सचिव के गैर-कानूनी तथा अधिनायकवादी निर्णयों के विरोध में कैबिनेट सचिव को भी पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है तथा अपर मुख्य शिक्षा सचिव के कारस्तानियों से कैबिनेट सचिव को अवगत कराया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सुधार के कथित मसीहा के अधिनायकवादी निर्णयों से बिहार का शिक्षा क्षेत्र जो पहले से ही पिछड़ा हुआ है, वह और भी अधिक पिछड़ रहा है।

बिहार के राज्य विश्वविद्यालयों के बैंक खातों में छात्रों के जमा पैसे को शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैंकों के साथ सांठ-गांठ से अवैध रूप से हस्तांतरित कर लिया गया। यह अत्यंत शर्मनाक है।विद्यार्थी परिषद ने आरबीआई गर्वनर को पत्र के माध्यम से नियमों की अवहेलना के विषय में अवगत कराया है तथा कार्रवाई की मांग की है। विद्यार्थी परिषद उचित कार्रवाई होने तक अपना संघर्ष जारी रखेगी।

# बेतिया में बोलेरो ने ट्रक में मारी ठोकर, तीन की घटनास्थल पर मौत

**बेतिया, 26 अप्रैल।** बेतिया पुलिस ज़िला स्थित मझौलिया से बारातियों को वापस लेकर लौट रही बोलेरो ने आगे जा रही ट्रक में पीछे से ठोकर मार दी। इस घटना में बोलेरो में सवार 11 लोगों में से तीन की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी है। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों में तीन की हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया है। वहीं ड्राइवर व एक अन्य बाराती इस घटना में बाल-बाल बच गए है। घटना रात 11 बजे बेतिया-नवलपुर पथ में बाबू टोला गुरवलिया चौक की है।

मनुआपुल थानाध्यक्ष नरेश कुमार ने शुक्रवार को बताया कि गोलाघाट डुमरी निवासी दीनानाथ महतो के पुत्र की बारात गुरुवार की संध्या मझौलिया के गढ़वा भोगाड़ी गयी थी। वहां से खाना खाकर गोलाघाट डुमरी निवासी उमा यादव के बोलेरो से चालक समेत 13 बाराती वापस लौट रहे थे। गाड़ी उमा यादव ही चला रहा था। बाबू टोला गुरवलिया के समीप बोलेरो ने आगे जा रही ट्रक से साइड लेने में अपने बाएं हिस्से से ट्रक के पीछे ठोकर मार दी, जिससे बोलेरो में बैठे गोलाघाट डुमरी निवासी जनार्दन यादव, प्रकाश यादव, धर्मनाथ यादव की मौत हो गयी। वहीं छह लोग घायल हो गए।

घायलों में पूर्वी चंपारण ज़िला स्थित पहाड़पुर के कमाल पिपरा निवासी लवकुश कुमार, पटजिरवा के निमुईया कुंड के रामदेव महतो तथा सोनू कुमार को गंभीर स्थिति में पटना रेफर कर दिया गया है। जबकि सोनू के पिता योगेन्द्र प्रसाद, सोनू के चचेरे भाई राज कुमार, राजनंदन कुमार तथा सोनू के फुफेरे भाई बैरिया के बगही बघंबरपुर निवासी रामदेव, गोलाघाट डुमरी निवासी रेश्म यादव की चिकित्सा बेतियाजीएमसीएच में हो रही है।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना कैसे घटी इसका पता ड्राइवर व घायलों से पूछताछ के बाद ही चलेगा। दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को जब्त कर लिया गया है। बेतिया मे पोस्टमार्टम के बाद लाशों को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## ट्रक ने बाइक सवार स्कूल संचालक को कुचला, हुई मौत

**नवादा, 26 अप्रैल।** नवादा-जमुई एसएच-8 पर शुक्रवार को नवादा जिले के कादिरगंज थाना के समीप अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया। जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान रोह थाना क्षेत्र के मनियोचक गांव निवासी मनोज कुमार के रूप में हुई।

मृतक मनोज निजी स्कूल संचालक थे। रोह में उनका स्कूल है। हादसे के बाद कादिरगंज थाना की पुलिस पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व बाइक को जब्त कर लिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि मृतक शव ट्रक के नीचे फंस गया था।

जिसे निकालने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के ग्रामीणों ने सड़क को जाम कर दिया है। उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह से ठप है। पुलिस लोगों को समझा बुझाकर शांत कराने में जुटी हुई है। हादसे के बाद ट्रक का चालक भागने में सफल रहा।

# फर्जी प्रमाणपत्र पर नौकरी कर रही जिला महिला समादेष्टा पद से हटाने का आदेश

**सहरसा,26 अप्रैल।** जिला लोक शिकायत निवारण प्राधिकारी द्वारा परिवादी राम प्रसाद यादव परिवाद का विषय जिला समादेष्टा रक्षक वाहिनी द्वारा आवेदक मोसमात अनीता देवी पिता शिव शर्मा नरैया पंचगछिया सत्तर कटैया को फर्जी प्रमाण पत्र रखने के कारण पद से शीघ्र हटाए जाने का निर्णय दिया है।

जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना के द्वारा अनीता देवी का फर्जी प्रमाण पत्र रखने का पत्र निर्गत किया गया है। वही परिवाद के आलोक में लोक प्राधिकार वरीय जिला समादेष्टा बिहार गृह रक्षा वाहिनी को नोटिस निर्गत किया गया। उक्त सूचना के आलोक में लोक प्राधिकार ने कार्यालय आदेश ज्ञापक 567 दिनांक 24 अप्रैल के द्वारा सूचित किया गया कि सहरसा जिला इकाई के गृह रक्षिका संख्या 33265 अनीता देवी को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी महिषी के आलोक में फर्जी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए कर्तव्य से वंचित किया जाता है।

परिवादी के परिवार एवं लोक प्राधिकार की प्रतिवेदन का अवलोकन कर यह निर्णय दिया गया। लोक प्राधिकार की प्रतिवेदन से सहमत हुए परिवादी के परिवार को निष्पादित किया गया। जिसकी प्रति परिवादी एवं वरीय जिला समादेष्टा बिहार की रक्षा वाहिनी को उपलब्ध कराया गया है।

वही सहरसा जिला इकाई के गृह रक्षक अनीता देवी को जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी महिषी के ज्ञापन के आलोक में फर्जी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए कर्तव्य से वंचित किए जाने का आदेश दिया गया है। ज्ञात हो कि इस संबंध में फर्जी दस्तावेज फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र जारी करने की आरोप में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा मध्य विद्यालय धनोज धरमपुर के प्रधानाध्यापक शिव शंकर चौधरी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उक्त पत्र में श्री चौधरी पर आरोप अंकित किया गया है कि छात्र अनिता कुमारी का प्रथम वर्ग में प्रवेश तिथि 1 मई 1996 अंकित है।

वही आठवां का विद्यालय परित्याग प्रतिज्ञा कि तिथि 31दिसम्बर 99 अंकित है। मात्र 3 वर्ष के अंतराल में वर्ग आठ का स्थानांतरण प्रमाण पत्र देना पूर्ण रूपेण फजीर्वाड़ा है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक के द्वारा ससमय प्राथमिक की दर्ज नहीं कराई गई। अर्थात विद्यालय में रक्षित अभिलेख से जानबूझकर छेड़छाड़ कर गायब कर दिया गया। इस जांच प्रतिवेदन के आलोक में प्रखंड शिक्षक नियोजन इकाई की बैठक मैं लिए गए निर्णय के आलोक में श्री चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय प्रखंड संसाधन केंद्र महिषी निर्धारित किया गया।

डीपीओ स्थापना के निर्देश पर वीडियो सुशील कुमार ने मध्य विद्यालय धनोज के प्रधानाध्यापक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीडीओ द्वारा निर्गत पत्र में कहा गया है कि प्रधानाध्यापक पर जिला लोक शिकायत से अनिता कुमारी के कक्षा आठ का निर्गत प्रत्यागपत्र फर्जी पाया गया तथा विद्यालय में रक्षित अभिलेख के साथ उनके द्वारा जानबूझकर छेड़छाड़ को गायब करने का आरोप सिद्ध होने के बाद जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को प्रधानाध्यापक के विरुद्ध बीड़ीओ को पत्र भेज कार्रवाई का निर्देश दिया गया था।

## राज्य में एनडीए की लहर देख क्रिकेट खेलने लगे तेजस्वी : गिरि

**पटना।** जद(यू) मीडिया पैनलिस्ट श्री मनोरंजन गिरि ने मीडिया को जारी अपने बयान में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में भी आरजेडी का बिहार में खाता तक नहीं खुलेगा। उन्होंने आरजेडी पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार में एनडीए की लहर देख तेजस्वी यादव क्रिकेट खेलने लगे हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव बखूबी जानते हैं कि, इस लोकसभा चुनाव में भी पिछले चुनाव की तरह इनका गठबंधन बुरी तरह हारने जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो नामांकन पत्रों को किया गया अस्वीकृत

**समस्तीपुर, 26 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, एनआईसी वीसी कक्ष में सामान्य प्रेक्षक हरीथा वी कुमार की उपस्थिती में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी योगेन्द्र सिंह के द्वारा की गयी। संवीक्षा के दौरान राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी के प्रत्याशी अजय कुमार दास की उम्र 25 वर्ष से कम होने के कारण, इनके नाम निर्देशन पत्र को अस्वीकृत कर दिया गया। निर्दलीय प्रत्याशी महेन्द्र महतो के फॉर्म-26 अपूर्ण रहने के कारण इनके नाम निर्देशन पत्र को अस्वीकृत किया गया। नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा के उपरांत विधिमान्य अभ्यर्थियों के नाम, 1. लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) की शाम्भवी, 2. बहुजन समाज पार्टी के राम लखन महतो, 3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सनी हजारी, 4. राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के पिंकू पासवान, 5. वाजिब अधिकार पार्टी के विद्यानंद राम, 6. देश जनहित पार्टी के रतन बिहारी, 7. साथी और आपका फैसला पार्टी के लाल बाबू महतो, 8. निर्दलीय जीवक्ष कुमार हजारी, 9. निर्दलीय रवि रौशन कुमार, 10. निर्दलीय शशि भूषण दास, 11 निर्दलीय मुकेश चौपाल, तथा 12 निर्दलीय अमृता कुमारी हैं।

### नौ नामांकन पत्रों को किया गया अस्वीकृत



**समस्तीपुर, 26 अप्रैल।** उजियारपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से किये गये नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा समाहरणालय सभागार में सामान्य प्रेक्षक कुलदीप शर्मा की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी, अजय कुमार तिवारी के द्वारा की गयी। संवीक्षा के दौरान 1. निर्दलीय चंदेश्वर राय 2. आर0एस0पी0आई (एम0एल0) के चंद्रशेखर राय 3. निर्दलीय विरेन्द्र कुमार राय 4. बिहार जस्टिस पार्टी के राम लगन राय 5. निर्दलीय अरूण कुमार यादव 6. निर्दलीय राम करण पासवान 7. निर्दलीय आमोद कुमार 8. समता पार्टी के अमन कुमार झा एवं 9. निर्दलीय शत्रुध्न साह ,इन सभी के शपथ-पत्र के अपूर्ण रहने के कारण इनके नाम निर्देशन पत्रों को अस्वीकृत किया गया है। नाम निर्देशन पत्रों के संवीक्षा के उपरांत विधिमान्य अभ्यर्थियों के नाम 1. राष्ट्रीय जनता दल के आलोक कुमार मेहता 2. जनता राज विकास पार्टी के मनोज कुमार 3. भारतीय जनता पार्टी के नित्यानंद राय 4. सोशलिस्ट युनिटी सेन्टर आफ इंडिया (कम्यूनिस्ट) के राम पुकार राय 5. जागरूक जनता पार्टी के निक्की झा 6. बहुजन समाज पार्टी के मोहन कुमार मौर्या 7. राष्ट्रीय जन संभावना पार्टी के संतोष राय 8. सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी के अंशु कुमार 9. निर्दलीय नारेन्द्र गिरी 10. निर्दलीय संजय पासवान 11. निर्दलीय अमरेश राय 12. निर्दलीय राकेश कुमार 13. निर्दलीय किशोर कुमार है। संवीक्षा के समय सहायक निवार्ची पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, अवर निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अन्य तथा अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के प्रस्तावक/निर्वाचन अभिकर्त्ता उपस्थित थे।

### मतदाता का रुझान 'इंडिया गठबंधन' की तरफ - सुमन मल्लिक

**पटना।** कांग्रेस प्रवक्ता सुमन कुमार मल्लिक ने कहा की लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कांग्रेस के साथ ही 'इंडिया गठबंधन' के सभी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हैं। श्री मल्लिक ने खुशी जताते हुए कहा की लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जिस तरह से सभी लोग लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं , ये अत्यंत ही सराहनीय हैं। दूसरी ओर, श्री मल्लिक ने कहा की देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी जिस तरह लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा लगा रहें, ये अब और ज्यादा ही हास्यास्पद लगने लगा हैं। श्री मल्लिक ने कहा कि देश के मतदाता इस बार 'इंडिया गठबंधन' के प्रत्याशियों को ही मौका दें रहे हैं। उन्होंने कहा की लोक सभा चुनाव का परिणाम देश की दिशा और दशा तय करेगा। उन्होंने कहा की देशवासी देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी जैसे अनेकों मुद्दे से बेहद त्रस्त हैं और वे अब इस चुनाव में बदलाव चाहती हैं।उन्होंने कहा की लोकसभा चुनाव के परिणाम उम्मीद से भी ज्यादा अप्रत्याशित होंगे। श्री मल्लिक ने कहा की 04 जून के बाद देश में 'इंडिया गठबंधन' के नेतृत्व में सरकार का गठन होगा।

### बिहार की सभी सीटें जीतेगा एनडीए, विपक्ष होगा चारो खाने

**पटना/बक्सर।** आज बक्सर में एनडीए के नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री राजीव रंजन, एनडीए प्रत्याशी श्री मिथिलेश तिवारी, जदयू जिलाध्यक्ष श्री अशोक यादव भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भोला सिंह आदि उपस्थित रहें। वार्ता से पहले जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री रंजन ने श्री बबलू राम, श्री विजय श्रीवास्तव, मो0 जहूर खान हवलदार यादव, श्री उमेश पटेल आदि दो दर्जन से अधिक युवाओं को पार्टी की सदयस्ता भी प्रदान करवाई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि दो चरणों के चुनाव के बाद एनडीए को लेकर हर सीट से सकारात्मक रुझान सामने आ रहे हैं। वहीं विपक्षी दलों की मौकापरस्ती और परिवारवाद को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। विपक्ष का मनोबल पूरी तरह से गिर चुका है, जिसकी छाप इनके बयानों में साफ नजर आ रही है। वास्तव में एनडीए बिहार की सभी सीटें जीतने वाला है। चुनाव बाद विपक्षी नेताओं को मुंह छिपाने की भी जगह नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि वास्तव में एनडीए सरकार ने समाज के हर जाति-वर्ग के लिए जिस तरह से विकास की गंगा बहाई है, उसने विपक्ष के ह्यफूट डालो और राज करोह्न की रणनीति की धज्जियां उड़ा दी है। अब उन्हें भी विकास की पिच पर आना पड़ रहा है, जहां उनके नेता चारो खाने चित्त होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए की नीतीश सरकार ही है जिसने आधी आबादी को भी पूरा हक दिया है। आज नीतीश सरकार के कारण ही बिहार की महिलाओं को उनकी आधी आबादी के अनुरूप पंचायत और नगर निकायों के चुनावों में 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिल रहा है। इससे राबड़ी जी के राज में घरों में कैद रहने वाली महिलाएं आज आगे बढ़कर समाज का नेतृत्व कर रही हैं। दरअसल महिलाओं की शिक्षा से लेकर रोजगार तक के लिए मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी द्वारा शुरू की गयी क्रांतिकारी योजनाओं ने भी आज बिहार की महिलाओं का जीवन बदल दिया है। इसी वजह से पहले घर से बाहर निकलने में झिझकने वाली बिहार की महिलाएं आज पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि नीतीश सरकार ने ही बिहार की लड़कियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार में इंटरमीडिएट पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। इसके अलावा मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन के लिए भी में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए आरक्षित कर दिया गया है। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी की पहल से ही बिहार देश का ऐसा पहला राज्य बना जहां महिलाओं को पुलिस

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

पटना
वर्ष: 23 अंक 46
शनिवार 27 अप्रैल, 2024

तापमान
अधिकतम 40°C
न्यूनतम 25°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in


# वीवीपीएटी वाली याचिका खारिज

## ईवीएम के वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान की थी मांग

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया।

पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। इसके विपरित यदि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ पाई जाती है तो अनुरोध करने वाले उम्मीदवार/उम्मीदवारों को खर्च वापस किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि उसने ईवीएम और वीवीपैट प्रोटोकॉल का अध्ययन करने के बाद निर्देश पारित किये। न्यायमूर्ति दत्ता ने लोकतंत्र विश्वासों में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया कि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रणाली लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

**फैसला**
- सिंबल लोडिंग यूनिट को 45 दिनों तक संरक्षित कर रखा जाए
- इलेक्ट्रॉनिक मशीन के जरिये पेपर पर्ची के वोटों की गिनती के सुझाव



### प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले पर 29 को सुनवाई

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** दिल्ली हाई कोर्ट में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ भगवान और पूजास्थल के नाम पर वोट मांग कर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले पर अब 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। सुनवाई करने वाले जज जस्टिस सचिन दत्ता के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली है। याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका वकील आनंद एस जोंधाले ने दायर की है। याचिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में अपने भाषण में हिन्दू और सिख गुरुओं के नाम पर भाजपा के लिए वोट मांगे।

## यौन शोषण मामला: बृजभूषण शरण सिंह की याचिका खारिज

- आरोप तय करने के मामले पर 7 मई को फैसला सुनाने का आदेश

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बृजभूषण ने इस मामले की फिर से जांच की मांग की थी। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर 7 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया।

दरअसल, 18 अप्रैल को कोर्ट बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुनाने वाला था लेकिन 18 अप्रैल को ही बृजभूषण शरण सिंह की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि 7 सितंबर, 2022 को घटना वाले दिन वह भारत में नहीं थे।

बृजभूषण ने इस तथ्य की जांच करने के लिए दिल्ली पुलिस को आदेश देने की मांग की थी। उसके बाद आज कोर्ट का ये फैसला आया है। कोर्ट ने 4 अप्रैल को आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

27 फरवरी को दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया था कि अगर हम चाहते तो आरोपितों के खिलाफ छह अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर सकते थे लेकिन इससे ट्रायल में देरी होती।

इसका विरोध करते हुए बृजभूषण भूषण शरण सिंह के वकील ने कहा था कि अगर आरोपों में निरंतरता नहीं है तो अलग-अलग आरोपों में एक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकती। इस पर बृजभूषण शरण सिंह की ओर से इस मामले में आरोप मुक्त करने की मांग की गई थी। बृजभूषण की तरफ से कहा गया था कि अपराध की सूचना देने में काफी देरी की गई। उन्होंने कहा था कि शिकायतकर्ता के बयानों में काफी विरोधाभास है।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का आह्वान

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (हि.स.)।** रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। अस्ताना में शुक्रवार को बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति जताई, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है।

### गृह मंत्री 27 को गुजरात में 4 चुनावी सभाएं करेंगे

**अहमदबाद, 26 अप्रैल (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को गुजरा में 4 चुनावी सभा करेंगे। वे पोरबंदर, भरुच, पंचमहाल और वडोदरा लोकसभा सीट के लिए आयोजित विजय संकल्प सभा में शामिल होंगे। गुजरात में आगामी 7 मई को तीसरे चरण में एक साथ 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इसके अलावा 5 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव में वोट डाले जाएंगे।

### सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले में दो आरोपित 30 तक पुलिस कस्टडी में

**मुंबई, 26 अप्रैल (हि.स.)।** सलमान खान हाउस फायरिंग मामले में पंजाब से गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों को शुक्रवार को मुंबई की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 30 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इन दोनों पर फायरिंग के लिए हथियार और कारतूस सप्लाई करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार सुभाष चंदर और अनुज थापन को मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से गिरफ्तार किया था और शुक्रवार को सुबह में दोनों को मुंबई ले आई।

## किशनगंज में वोटिंग सबसे ज्यादा, भागलपुर सबसे कम

**पटना, 26 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच सीटों पर शाम छह बजे तक का मतदान प्रतिशत जारी कर दिया गया है। किशनगंज में 64 प्रतिशत, सबसे अधिक कटिहार में 64.60 प्रतिशत और भागलपुर में सबसे कम 51 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद बांका में 54 प्रतिशत और पूर्णिया में 59.94 प्रतिशत मतदान हुआ है। बिहार में कुल मतदान 58.58 प्रतिशत हुआ। इधर, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में अब भी लाइन लगी हुई है। निर्वाचन आयोग को उम्मीद है कि मतदान का प्रतिशत और भी अधिक बढ़ सकता है।

दूसरे चरण की पांच सीटों पर मतदान का समापन हो गया। पहले चरण की तुलना में इस बार मतदान का प्रतिशत बेहतर रहा। सभी बूथों पर मतदानकर्मी ईवीएम को सील करने में जुट गए हैं। इसके बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच सीटों पर शाम पांच बजे तक का मतदान प्रतिशत जारी कर दिया गया है। किशनगंज में 56.12 प्रतिशत, कटिहार में 55.54 प्रतिशत और भागलपुर में सबसे कम 47.26 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद बांका में 49.50 प्रतिशत और पूर्णिया में सबसे अधिक 57.14 प्रतिशत मतदान हुआ है। बिहार में कुल मतदान 53.03 प्रतिशत हुआ।

पूर्णिया के जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अपनी पत्नी के साथ जनता चौक के पास महानंदा कॉलोनी स्थित अधीक्षण अभियंता, जल निस्सरण पूर्णिया के कार्यालय में बने बूथ केंद्र संख्या 55 पर मतदान किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी को आगे बढ़ कर अपने मतों का प्रयोग करना है। लोकतंत्र में मतदान ही सबसे बड़ा कर्तव्य है। जिले के सभी मतदाताओं से जिला पदाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग आगे आए और अपने मतों का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदार बने। वहीं पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र कुमार वर्मा ने भी महानंदा कॉलोनी स्थित मतदान केंद्र संख्या 55 पर अपना मत डालकर लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल हुए।

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच सीटों पर दोपहर तीन बजे तक का मतदान प्रतिशत जारी कर दिया गया है। किशनगंज में 45.58 प्रतिशत, कटिहार में 46.76 प्रतिशत और भागलपुर में सबसे कम 39.49 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद बांका में 42.89 प्रतिशत और पूर्णिया में सबसे अधिक 46.78 प्रतिशत मतदान हुआ है।

भागलपुर के सुलतानगंज विधानसभा बूथ संख्या 192 पर मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार कर दिया। अब तक केवल सात लोगों ने ही वोट डाला। इतना ही नहीं वोट डालकर निकले कुछ वोटरों की ग्रामीणों के पिटाई भी कर दी। हालांकि पुलिस ने सभी वोटरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया। इसमें पुलिस और ग्रामीण में झड़प हो गई। झड़प में एक युवक का सिर फट गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने ही पिटाई की है। इधर, सूचना पाकर पहुंचे डीएसपी चन्द्रभूषण को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन, ग्रामीण अभी तक वोट डालने से इनकार कर रहे। अबतक मात्र सात वोट ही पड़े हैं

बांका में हर एक विधानसभा क्षेत्र में एक आदर्श बूथ बनाया गया है। सभी आदर्श बूथों पर एक रोबोट लगाया गया है कि जो कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरुक कर रहा है। यह रोबोट बांका इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा बनाया गया।

मतदाताओं को जागरूक के लिए इलेक्शन कमीशन ने हर एक आदर्श बूथ में रोबोट लगाया गया है। इसका नाम अटेंडेंट रोबोट है।

**लोस चुनाव**



- सबसे अधिक कटिहार में 64 .60 प्रतिशत मतदान

### प्रियंका गांधी के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है कार्यालय व गेस्ट हाउस

**रायबरेली, 26 अप्रैल।** आखिरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं का इंतजार अब खत्म होने वाला है। गांधी परिवार से प्रियंका वाड्रा गांधी के चुनाव लड़ने की आहट के बीच कांग्रेस कार्यालय को उनके स्वागत के लिए तैयार किया जा रहा है।

इसके साथ ही गांधी परिवार के आवास में भी रंग-रोगन शुरू हो गया है। कार्यकर्ताओं में इसे देखते हुए खासा उत्साह है। दरअसल सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद रायबरेली से कांग्रेस का कौन प्रत्याशी होगा,यह अभी तक तय नहीं हुआ है,लेकिन जिस तरह से प्रियंका की प्रत्याशिता को लेकर तस्वीर साफ हुई है। इससे संगठन में अचानक जोश आ गया है। कांग्रेस के जिला कार्यालय तिलक भवन में चहलकदमी बढ़ गई है। साफ-सफाई भी शुरू हो गई है। भवन में रंग-रोगन किया जा रहा है। इसके साथ ही सोनिया गांधी के निवास भुएमऊ गेस्ट हाउस को भी चमकाया जा रहा है।

## जब इनकी सरकार थी, तब कहते थे कि राम हुए ही नहीं

**संभल, 26 अप्रैल।** सीएम योगी ने संभल में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने राहुल-प्रियंका के अयोध्या जाने की खबरों पर तंज कसा। कहा- मैंने सुना है कि भाई बहन दोनों अयोध्या दर्शन के लिए जाना चाहते हैं।

जब इनकी सरकार थी, तब कहते थे कि राम तो हुए ही नहीं और जब देश की जनता के संघर्ष के फल स्वरूप मंदिर में भगवान विराजमान हो गए हैं तब कहते हैं राम तो सबके हैं। सीएम योगी ने लोगों से इनसे सावधान रहने की अपील की।

कहा कि उन 'विषधरों' को वोट कतई नहीं जाना चाहिए, जो भारत माता की जय-जयकार और 'वंदे मातरम' का गायन करने में संकोच करते हैं।

**बोले सीएम**



- सीएम योगी ने संभल में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

### सूरत में दोबारा चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभानी का पर्चा खारिज होने और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा अपना पर्चा वापस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। अब सूरत में दोबारा चुनाव कराने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की गई है। इसके लिए मतदाताओं के नोटा विकल्प पर वोट देने के अधिकार को आधार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने, और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा पर्चा वापस लेने के बाद भी जनता के पास नोटा को वोट देने का विकल्प खुला हुआ था।

## 2 चरणों के चुनाव के बीच पीएम ने 400 पार का नारा बंद कर दिया' : तेजस्वी

**पटना, 26 अप्रैल।** तेजस्वी यादव ने पीएम नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि दो चरणों के चुनाव संपन्न होने के बाद अपनी स्थिति को भांपकर अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा लगाना ही बंद कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में अररिया और मुंगेर के दौरे पर बिहार आए थे लेकिन इस दौरान उन्होंने अपने प्रचलित नारे का इस्तेमाल नहीं किया।

9 सीटों पर अब तक बिहार में मतदान : बिहार में अब तक 40 में से 9 सीटों पर मतदान हो चुके हैं. इन 9 सीटों में से 8 सीटें एनडीए की सीटिंग सीट रही है। जबकि एक सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार ने किशनगंज में जीत दर्ज की थी. इस बार तेजस्वी यादव का दावा है कि एनडीए इस चुनावों में पिछड़ रहा है।

5 फीसदी कम वोटिंग : बता दें कि आज हुए चुनाव में लगभग 5 फीसदी वोटिंग कम हुई है। पिछले चरण में भी लगभग 5 फीसदी वोटिंग कम हुई थी। कम मतदान प्रतिशत से दोनों ओर चिंता की लकीरें हैं। फिलहाल महागठबंधन अपने को मजबूत स्थिति में बताने की कोशिश कर रहा है। देखना ये है कि 4 जून को इन सभी सीटों पर किसके पक्ष में परिणाम आते हैं।



### वायनाड से चुनाव हार रहे राहुल गांधी: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (हि.स.)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे वायनाड से चुनाव हार रहे हैं और संभव है कि वह जल्द किसी दूसरी जगह से भी नामांकन करेंगे। वायनाड चुनाव में पाकिस्तान परस्त और आतंकी विचारधारा वाले पीएफआई और एसडीपीआई का समर्थन लेना ही राहुल गांधी और कांग्रेस की गिरी हुई, भारत विरोधी सोच को स्पष्ट करता है। इससे पता चलता है कि एक चुनाव जीतने के लिए वह किसी भी हद तक गिर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियां के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं।

### सपा: मुस्लिम-यादव को छोड़ने की क्या है वजह?

## क्या सपा की रणनीति होगी कारगर?

कुमार सौवीर

**लखनऊ, 26 अप्रैल।** समाजवादी पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में पांच सीटों के बैरियर को पार कर पायेगी? यह सवाल इसलिए ज्यादा प्रासंगिक हैं कि टिकट वितरण को लेकर समाजवादी पार्टी में जिस तरह की उहापोह देखने को मिली, ऐसा बीते तीन दशक में कभी नहीं हुआ था। कई सीटों पर दो से तीन बार टिकट बदले गये, आरोप लगा कि अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव को गंभीरता से नहीं लड़ रहे हैं।

बहरहाल, इस बार के आम चुनाव की बात करें तो ऐसा लग रहा है कि समाजवादी पार्टी दहाई के आंकड़े में पहुंच सकती है। इसके पीछे दो कारण है। पहला भाजपा का अति आत्मविश्वास तथा दूसरा सपा का गैर यादव पिछड़े एवं दलित प्रत्याशियों पर भरोसा। भाजपा ने जीत जाने के वहम में उन प्रत्याशियों को भी टिकट दे दिया है, जिनका अपने क्षेत्र में जबर्दस्त विरोध हो रहा है।

भाजपा को मोदी तथा राम मंदिर का भरोसा था। उसे लग रहा था कि चुनाव आते-आते यह विरोध खत्म हो जायेगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। उत्तर प्रदेश की दर्जनों सीटों पर जनता में भाजपा प्रत्याशी को लेकर नाराजगी है, जिसका सीधा फायदा समाजवादी पार्टी को मिल रहा है।

समाजवादी पार्टी इस बार अपने परंपरागत एमवाई यानी मुस्लिम यादव समीकरण से अलग रणनीति बनाकर भाजपा को टक्कर दे रही है।

पार्टी की नजर गैर-यादव पिछड़े एवं दलित वोटरों पर है, जो फिलहाल भाजपा की ताकत हैं। सपा सबसे बड़ी सेंध भाजपा के कुर्मी वोटरों में लगा रही है। अब तक घोषित टिकटों में पार्टी ने सबसे ज्यादा नौ सीटों पर कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी उतारे हैं। 15 दलित वर्ग के प्रत्याशियों को भी टिकट दिये गये हैं।

मेरठ और अयोध्या जैसी सामान्य सीट पर भी दलित प्रत्याशी उतारकर सपा ने भाजपा एवं बसपा दोनों खेमों में सेंधमारी की कोशिश में है।

**सियासत**
- सोशल इंजीनियरिंग की राह पर चल रहे अखिलेश यादव
- क्षत्रिय समाज की नाराजगी दिलाएगी सपा को लाभ
- इस बार दहाई का आंकड़ा पार कर पाएंगे अखिलेश

## नकाबपोश बदमाशों ने बच्चे का प्राइवेट पार्ट काटा

**मऊ, 26 अप्रैल।** नकाबपोश बदमाशों ने एक शादी समारोह से 12 साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। नकाबपोश बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद उसे बेहोशी का इंजेक्शन लगाया और उसके प्राइवेट पार्ट को काट दिया। खून से लथपथ बच्चे को नकाबपोश गांव के पास ही छोड़कर भाग गए। गांववालों ने बच्चे को इस हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। फिलहाल बच्चे को पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

मामला कोपागंज थाना क्षेत्र के देवकली विशनपुर का है। इलाके में गुरुवार रात एक बारात आई थी। इस बारात में आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने 12 साल के बच्चे को अपने पास बुलाया। उसे बहला-फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक की दुकान तक ले गए। इस दौरान वे उससे बात करते रहे। यहां से नकाबपोश बदमाश बच्चे को पास ही सुनसान इलाके में ले गए। यहां बदमाशों ने बच्चे को बेहोशी का इंजेक्शन लगाया। उसके बाद बच्चे का प्राइवेट पार्ट काट दिया। बच्चा खून से लथपथ हो गया तो बदमाश उसे उसी जगह छोड़कर फरार हो गए। गांववालों ने बच्चे को घायल अवस्था में पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। क्षेत्राधिकारी घोसी गणेश दत्त मिश्र ने बताया कि बच्चे के घर के पास ही बारात आई हुई थी। इसमें बच्चा भी गया हुआ था। वहीं से कुछ अज्ञात बदमाश उसे बहला फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक की दुकान तक ले गए और सुनसान इलाके में उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया।

### तीसरी आंख



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
शनिवार, 27 अप्रैल 2024
विक्रम संवत्- 2081, बैशाख कृष्ण पक्ष- तृतीया

## सुप्रीम फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वीवीपैट से डाले जाने वाले हर वोट के सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को भले खारिज कर दिया हो, लेकिन ईवीएम के इतिहास में पहली वार उसने इन मशीनों की जांच का रास्ता खोल दिया है। ऐसे में यह विपक्षी दलों के लिए बड़ा झटका होने के बावजूद राहत की बात भी है। सुप्रीम फैसले के बाद अब यह साफ हो गया है कि भले ईवीएम से निकली पर्ची का वीवीपैट मशीनों से 100% मिलान भले न हो पाए लेकिन अगर चुनाव में हारे दूसरे या तीसरे नंबर के प्रत्याशी को ईवीएम मशीन पर शक हो तो वह परिणाम आने के सात दिन के अंदर इसकी शिकायत कर सकता है। हाँ, शिकायतकर्ता पराजित उम्मीदवार को इसका खर्च उठाना पड़ेगा। यह खर्च शिकायत सही पाए जाने की स्थिति में ही वापस होगा, अन्यथा इसे जब्त कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री और भाजपा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से विपक्ष पर दमदारी से हमलावर है। भाजपा ने आईएनडीआईए में शामिल कांग्रेस समेत अन्य दलों को निशाने पर लिया है। पीएम मोदी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम वोटों के वीवीपैट के वोटों की सत्यापन की मांग करने वाली याचिका खारिज होने पर विपक्ष को निशाने पर लिया और कहा कि ऐसी याचिकाओं के जरिए भारत की चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए उसे माफी मांगनी चाहिए। मोदी के अनुसार वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के साथ ईवीएम का उपयोग कर- के डाले गए वोटों के क्रॉस-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में खारिज होना विपक्ष के लिए एक करारा तमाचा है। हालांकि याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण भी अदालत द्वारा ईवीएम मशीनों की जांच के पराजित प्रत्याशी को अवसर मिलने को जीत मान रहे हैं। बता दें, ईवीएम मशीनों से चुनाव कराए जाने को लेकर विपक्ष निरंतर विरोध करता आ रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले विपक्ष के 21 दलों ने ईवीएम से निकली कम से कम 50% परचियों के वीवीपैट मशीनों से मिलान की मांग की थी। उस समय चुनाव आयोग हर चुनाव क्षेत्र में 1 ईवीएम से निकली पर्ची का मिलान कर रहा था जिसे बाद में 5 कर दिया गया था। इसके बाद समय समय पर विभिन्न संस्थाएं याचिकाएं लगाती चलीं आई हैं किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें नजरअंदाज किया। दिलचस्प बात ये है कि भाजपा ने भी 2009 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद ईवीएम पर उंगलियां उठाई थीं तो कांग्रेस 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद से लगातार ईवीएम को कठघरे में खड़ा कर रही है। हालांकि सुप्रीमकोर्ट 2014 में ही ईवीएम मशीनों के सुरक्षित होने की पुष्टि कर चुका है। ईवीएम निर्माता कम्पनियां भी बार बार कहती आई हैं कि उनकी बनाई इलेक्ट्रॉनिक मशीनें पूरी तरह विश्वसनीय और सुरक्षित हैं। शुक्रवार को फैसला सुनाए जाने के पहले भी कोर्ट विपक्ष द्वारा ईवीएम मशीनों पर प्रश्न उठाए जाने को अनुचित ठहरा चुका है, लेकिन साथ में लोकतंत्र की गरिमा व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए भी चुनाव आयोग को कोर्ट ने कुछ निर्देश दिए थे। यह कहना मुश्किल है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी ईवीएम मशीनों पर विपक्ष की उंगलियां उठनी बंद हो जाएंगी लेकिन चुनाव आयोग को जरूर इस निर्णय के बाद क्लीनचिट मिली है।

### कविता

#### रहे वो निकल !



कृष्णेन्द्र राय

छोड़ अपनी पार्टी । रहे वो निकल ।।
राजनीतिक हलकों में । मची है हलचल ।।

थाम लिया दामन । बहती अलग बयार ।।
बाकी लगता है अभी । अगला चमत्कार ।।

सबका अपना दांव है । और व्यक्तिगत मत ।।
अंदरखाने सबको । मिल रहे हैं खत ।।

होना अभी अजूबा । करना होगा इंतजार ।।
जो थे धुर विरोधी । बन बैठे अब यार ।।

### इतिहास के पन्ने से

## अटवाल की हत्या पर संसद में बहस स्वीकृत

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लोकसभा में लोकदल के सदस्य श्री बी.डी. सिंह का यह प्रस्ताव स्वीकृत हो गया कि पंजाब की विगड़ती हालत एवं जालंधर के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री ए.एस. अटवाल की कल प्रातः गुरुद्वारा साहित्य प्रवेश द्वार पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी। विरोध पक्ष बाद में रायबात करके बहस में भाग लेगा। लोकसभा अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने बताया कि पंजाब की हालत गम्भीर हो गयी है। गोली लगने से मरने वाला गाला वीरेन्द्र जीत सिंह नामक बालक भी है और एक जवान श्री कुल विन्दरसिंह गम्भीर रूप से घायल है।

यह लोग गुरूद्वारे में प्रार्थना करने गये थे। श्री जाखड ने बताया कि स्व.अटवाल की विधवा पत्नी को उनकी सर्विस के दिनों तक पूरा वेतन एवं बाद में भी आवश्यक सुविधायें प्रदान की जाएगी।

आपने बताया कि आज संसद में बजट का अन्तिम दिन है इसलिए पंजाब की स्थित पर कल बहस सम्भव है। पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के अनुसार डी.आई.जी. साहेब पर 6 फायर किया गया था।

### सूडोकु नवताल- 7048

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7047 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव है गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

**विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है।**

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है।

जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं।

करोड़ों रुपए का खर्चीला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।

18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्त्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्त्रोत है।

इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है।

हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया।

इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा। भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तूणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है।


यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खर्चीला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खर्चीले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है?

कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# डीहाईड्रेशन से बचने के लिए लें फलों का रस और छाछ



डा. अवनीश पाण्डेय

गर्मी का मौसम यानि पसीना, आलस, दिनभर सुस्ती, खाने पीने का दिल न करना और पानी से खास लगाव। जी हां, इसके अलावा सेहत से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याएं तो इन दिनों में बेहद आम है। इन सभी से बचने के लिए जरूरी है चुस्ती-फुर्ती बनाए रखना और दिनचर्या में कुछ बदलाव भी। जानिए ऐसे ही कुछ जरूरी टिप्स, जो हीट वेव और गर्मी की परेशानियों से आपको राहत देंगे - प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। इस गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल हो रखा है। हर दिन पारा एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। इसी के साथ गर्मी में होने वाली बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है।

बढ़ती गर्मी के साथ बीमारियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। गर्मी में धूप और लू के अलावा गंदगी और गलत खान-पान से भी कई लोग बीमार होते हैं। लू लगना या हीट स्ट्रोक ऐसी स्थिति है, जिसका तुरंत इलाज ना कराया जाए तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है कुछ सावधानियां बरतने से इस मौसम की मार से बचा जा सकता है।

धूप में निकलने से बचें- पहले तो धूप में निकलने से बचें लेकिन अगर दिन में निकलना जरूरी है तो छतरी, टोपी और ठंडा पानी साथ लेके निकलें।

खाने में स्वच्छता का ध्यान रखें- बाहर का तला भुना और खुले में बनाई गई कोई भी खाने की चीज से बचें, क्योंकि इस मौसम में साफ-सफाई पर बहुत ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसे मौसम में दूषित खान-पान से बचना चाहिए। हल्का, ताजा और जल्दी पचने वाला भोजन करें। भूख से कम खाएं और पानी ज्यादा पिएं।

लिक्विड चीजों का ज्यादा सेवन करें : गर्मी के मौसम में ठोस आहार की बजाए तरल पेय पदार्थ जैसे ठंडा पानी, नीबू पानी, नींबू शिकंजी, शर्बत, कैरी का पना, फलों का रस, छाछ, लस्सी ज्यादा मात्रा में लें, इनसे शरीर में तरावट बनी रहेगी और ऊर्जा का स्तर भी बना रहेगा। रसीले फल जैसे - तरबूज, आम, संतरा, अंगूर, खरबूज आदि से पेट भी भरेगा और ये शरीर में पानी की जरूरत की पूर्ति भी करेंगे।

एक बार में अधिक खाने से परहेज इससे- गर्मी में अधिक खाना खाने से परहेज करें। इससे अच्छा आप अपने दिन की शुरूआत मीठे और रसीले फल से कर सकते हैं जिसमें चीकू, खरबूज और संतरा एक अच्छा विकल्प है। प्याज और खीरा सलाद के तौर पर जरूर खाएं क्योंकि इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी पाया जाता है जो शरीर का तापमान नियंत्रित रखता है।

आरामदायक कपड़े पहनें- गर्मी में बाहर निकलें तो अधिक डार्क रंग के और टाइट कपड़े ना पहनें, इससे पसीना अधिक आता है। डार्क रंग के कपड़ों में गर्मी अधिक लगती है। बेहतर है कि आप ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें, स्काई ब्लू, वाइट, ऑफ वाइट, लाइट पिंक आदि कलर बेस्ट होंगे इन दिनों पहनने के लिए, क्योंकि इनमें गर्मी अधिक नहीं लगती है।

मसालेदार भोजन ना करें- गर्मी में बहुत अधिक तेल और मसालेदार भोजन करने से बचें, साथ ही, बाहर ठेले पर मिलने वाले फूड आइटम्स का सेवन भी ना करें, क्योंकि इससे फूड पॉइजनिंग भी हो सकती है।

ऐसा इसलिए, क्योंकि देर तक रखा भोजन जल्दी खराब हो जाता है। बाहर ना तो हाइजीन का ख्याल रखा जाता है और ना ही फ्रेश खाना मिलता है। लू, हीट स्ट्रोक से बचने के लिए घर का बना फ्रेश खाना खाएं, साथ ही डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को खूब शामिल करें।

व्यायाम पर ध्यान दें- गर्मी और उमस में किया गया थोड़ा-सा वर्क आउट शरीर को थका देता है, लेकिन इसका ये कतई मतलब नहीं है कि एक्सरसाइज छोड़ दें। हल्के व्यायाम, आसान, ध्यान, योग, प्राणायाम को अपनाएं या फिर सुबह-शाम घूमकर भी व्यायाम की पूर्ति की जा सकती है। हीटवेव से बचने के ये टिप्स अपनाकर आप इस भीषण गर्मी की चपेट में आने से बच सकते हैं।

(लेखक प्रभारी चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़, प्रतापगढ़ में कार्यरत हैं।)

# कम मतदान के सभी पहलुओं पर विचार की जरूरत



डॉ. आशीष वशिष्ठ

बीती 19 अप्रैल को देश की 102 लोकसभा सीटों के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ। 21 राज्यों में औसत 62 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मताधिकार का उपयोग किया। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। मतदान कम हुआ इसने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। बूथ मैनेजमेंट का कौशल जिन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के पास है उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाना था, जो जहां से जीते हैं उन्हें वहां से अपनी जीत के आंकड़े को बढ़ाना है, ये लक्ष्य भी दिया गया था, फिर क्या हुआ?

सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं।

पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले।

2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान के घटने से राजनीतिक विश्लेषक हैरान हैं। बीते काफी लंबे समय से सत्ता और विपक्ष में बैठे नेता जनता के बीच जाकर अपना पक्ष रख रहे थे। समाचार माध्यमों में भी चुनावी चर्चा को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाने लगा है। टीवी और यूट्यूब चैनल पर तो राजनीतिक बहस के सिवाय और कुछ होता ही नहीं। इसके बाद भी यदि मतदान औसतन 75 फीसदी भी न पहुंचे तो इसका सीधा अर्थ यही निकलेगा कि मतदाता राजनीति के अतिरेक से ऊबने लगा है। यद्यपि असम, त्रिपुरा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 70 फीसदी से अधिक मतदान ये साबित करने के लिए पर्याप्त है कि इन राज्यों में राजनीतिक जागरूकता बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में कहीं ज्यादा है।

वहीं इसका दूसरा पहलू ये भी है जहां कम या ज्यादा मतदान हुआ वहां का सामाजिक ढांचा किस प्रकार का है ? उदाहरण के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अधिक मतदान ऐलनिया भाजपा के विरुद्ध जाता है। लेकिन हिन्दू बहुल क्षेत्रों के मतदाता पूरी तरह भाजपा को मत देंगे ये कह पाना कठिन है। बावजूद इसके कि भाजपा हिन्दू समुदाय का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में करने में काफी हद तक सफल रही है। इसी तरह जातीय समीकरण बिठाने में भी उसने काफी महारत हासिल की है। भाजपा के साथ मध्यम वर्ग परम्परागत जुड़ा रहा है जो पूरी तरह खुश नहीं होने के बाद भी उसकी राष्ट्रवादी नीतियों से प्रभावित होकर उसके पक्ष में खड़ा रहता है। असल में पहले चरण के मतदान में कोई 'लहर' महसूस नहीं हुई। ऐसा लगता है मानो औसत मतदाता ने यह धारणा बना ली है कि मोदी को ही आना है! यह सोच कर ही मतदाता पोलिंग स्टेशन से तटस्थ रहा है। कुछ मुस्लिम बहुल इलाकों की खबरें सामने आई हैं कि उन्होंने भी मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है, लिहाजा कोई भी ध्रुवीकरण दिखाई नहीं दिया।

बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद राष्ट्रीय राजनीति में इतना बड़ा हो चुका है कि कोई अन्य नेता उनके आस-पास भी नजर नहीं आता। इस वजह से भाजपा को लगभग 5 प्रतिशत मत उस तबके के मिलने लगे हैं जो नीतियों के बजाय करिश्माई नेतृत्व से ज्यादा प्रभावित होता है। बुद्धिजीवी, विशेष रूप से पेशेवर वर्ग में पीएम मोदी की छवि बड़े निर्णय लेने वाले राजनेता की बन जाने से वह उनका प्रशंसक बन बैठा है। इन सबसे अलग गरीब जनता के मन में उनकी मुफ्त अनाज और मकान योजना का गहरा असर है। हालांकि पष्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेष, दिल्ली, पंजाब और कर्नाटक की गैर भाजपाई राज्य सरकारें भी ऐसे ही तमाम जन कल्याणकारी कार्यक्रम चला रही हैं किंतु देश के बड़े भूभाग पर भाजपा का राज होने से मोदी की गारंटी का असर अपेक्षाकृत ज्यादा नजर आता है। पिछले साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस के वादों की बजाय मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया था।

वैसे तो सभी पार्टियां कम मतदान को अपने पक्ष में बताने का प्रयास कर रही हैं किंतु सभी के लिए विचारणीय प्रश्न ये है कि शिक्षा और सूचना तंत्र का इतना प्रसार होने के बावजूद मतदान कम क्यों होता है ? चुनाव आयोग प्रतिशत बढ़ाने के लिए खूब प्रयास करता है। वोटर स्लिप भी घर-घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन गत दिवस कुछ राज्यों को छोड़ बाकी में 2019 के लोकसभा और 2023 के विधानसभा चुनाव से कम मतदान होना राजनीतिक पार्टियों के लिए चिंता और चिंतन का कारण होना चाहिए। हालांकि परिणाम के बाद ही ये स्पष्ट हो सकेगा कि कम मतदान से किसे फायदा या नुकसान हुआ किंतु लोकतंत्र के लिए जिस तरह से मजबूत विपक्ष आवश्यक है उसी तरह मतदाताओं की जागरूकता भी।

मतदाताओं को भी अपने एक वोट की शक्ति को समझना चाहिए। लोकतंत्र के पर्व चुनाव के प्रति उदासीनता का सीधा असर देश के विकास और जनकल्याण पर पड़ता है। उस दृष्टि से पहले चरण में जहां-जहां मतदान 70 प्रतिषत से कम हुआ वहां मतदाताओं का मतदान से दूरी बनाये रखना अध्ययन का विषय है। इसका कारण पिछले वादे पूरे न होना भी हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

### आज का दिन

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

**मेष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**सिंह :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**तुला :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृश्चिक :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**धनु :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**मकर :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**कुंभ :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मीन :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी।

# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**बलरामपुर, 26अप्रैल (तरुण मित्र)** । लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 08 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 122 सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वार सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान के दौरान किन किन बातों का ध्यान रखना है ,इसकी बारीकिया बताई गई तथा ईवीएम व वीवीपैट से जुड़ी बारीकियां भी बताई गई। इस अवसर पर डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने कहा की चुनाव को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने में सेक्टर मजिस्ट्रेट की भूमिका अतिमत्वपूर्ण हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने कार्य एवं दायित्व को अच्छी तरह से जान ले तथा हैंडबुक एवं गाइडलाइन का गहन अध्ययन कर ले। मतदान के दिन सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट दृढ़ निश्चय एवं निपुणता के साथ सकुशल एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा की सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने सेक्टरों का चप्पा चप्पा देख ले। मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करेंगे । सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर के महत्वपूर्ण व्यक्तियों प्रधान, सचिव,लेखपाल, एसएचओ का नंबर अपने मोबाइल में रखेंगे। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य , एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक , जिला विकास अधिकारी , परियोजना निदेशक डीआरडीए , डीपीआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती (दुबौलिया), 26अप्रैल (तरुण मित्र)** । थाना दुबौलिया पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त बुद्धसागर पुत्र काली प्रसाद निवासी रामनगर थाना दुबौलिया जनपद बस्ती सम्बन्धित मु0अ0सं0 67/2024 धारा 376/323/504 भादवि को समय करीब 08.40 बजे विशेषरगंज से हिरासत में लेकर न्यायालय जनपद बस्ती रवाना किया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दुबौलिया उ0नि0 चन्द्रकान्त पाण्डेय जनपद बस्ती,का0 आसिफ अंसारी, का0 आशुतोष चौहान, म0का0 स्वीकृति मिश्रा थाना दुबौलिया जनपद बस्ती रहे ।

# लेखन प्रतियोगिता गोष्ठी: समाज को बेहतर बनाने में पत्रकारिता सक्षम-पाण्डेय




**गोंडा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के हिंदी विभाग ने 'समाचार लेखन' विषय पर एड ऑन कोर्स/ सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया। महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में गुरुवार को शिक्षण-प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थी पत्रकारिता की आधारभूत जानकारी के साथ समाचार लेखन की प्रविधि पर प्रकाश डाला गया।

उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ पत्रकारिता के अंतर्गत समाचार लेखन विषयक कोर्स को संचालित करने के लिए हिंदी विभाग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता देश-दुनिया और समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने उद्घाटन सत्र में 'समाचार क्या है' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस धरती और समाज को सुन्दर बनाने में पत्रकारिता में अपार संभावनाएं हैं। प्रो. जय शंकर तिवारी ने समाचार लेखन का उद्भव और विकास समझाते हुए कहा कि कागज और छापाखाना की खोज के साथ ही पत्रकारिता का प्रारंभ होता है। भारत में सन् 1550 ई. में पुर्तगालियों द्वारा गोवा में और तमिलनाडु में प्रेस की स्थापना की गई। उन्होंने प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदंत मार्तंड से लेकर हिंदी पत्रकारिता के वर्तमान रूप तक हुए विकास-क्रम को प्रोफेसर तिवारी ने प्रकाश डाला।

# अधिशासी अधिकारियों को डीएम ने दिये निर्देश

**गोण्डा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सभी नगरीय निकायों के क्षतिग्रस्त मेनहोल को तत्काल कवर करने के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए 3 दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट भी मांगी है। साफ किया है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। वहीं, इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है।

बता दें, बीती 23 अप्रैल को लखनऊ में एक बच्चे के खुले मेनहोल में गिरने के कारण मृत्यु होने की दुखद घटना प्रकाश में आई है। ऐसी घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में समय-समय पर शासन स्तर से कड़े निर्देश निर्गत किए गए हैं तथा इन निदेर्शों के अनुपालन की जिम्मेदारी संबंधित नगर निकाय के अधिकारियों को दी गई है।

उक्त घटना के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जनपद में समस्त नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों को शुक्रवार को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत, प्रत्येक दिन वार्ड वार निरीक्षण कर समस्त सीवर लाइन के टूटे मैनहोल कवर कर उसी दिन रिपेयर करने का कार्य करना है।

## किन्नरों को मतदान से जोड़ने को सीडीओ ने किया संवाद

**देवरिया , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन के गाँधी सभागार में किन्नर समुदाय के लोगों से संवाद किया। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान करने के लिए भेजी गई पत्र को थर्ड जेंडर समुदाय के लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में सहभागिता किन्नर समुदाय को मुख्य धारा में जुड़ने हेतु एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक स्वीप नोडल शालिनी श्रीवास्तव ने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए अंतिम व्यक्ति तक की भागीदारी आवश्यक है। थर्ड जेंडर समुदाय के जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है उनके लिए एक विशेष दिन अभियान चलाकर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा और उन सभी को एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# डीएम ने की मतदाता जागरूकता की अनूठी पहल

## 1100 दीपों की जगमगाहट के साथ प्रशासन देगा मतदान करने का संदेश

**गोण्डा,26अप्रैल (तरुण मित्र)**। जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन झ 2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिलाधिकारी द्वारा एक और अनूठी पहल की गई है। जनपद की मातृ शक्ति को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ने के उद्देश्य से दीपोत्सव का आयोजन करने का फैसला लिया गया है।

आगामी 12 मई को मदर्स डे के अवसर पर करनैलगंज क्षेत्र में सरयू घाट पर इस दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। बता दें, जनपद में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सम्बन्ध में जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद गोण्डा में आगामी 20 मई को मतदान सम्पन्न होगा।

लोकतंत्र के इस महोत्सव में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा गत वर्षों की तुलना में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान संचालित हैं, जिनके तहत ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिले स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आगामी 12 मई को सरयू घाट पर दीपोत्सव गोधूलि बेला में प्रारंभ होगा। स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से 1100 दीपों की व्यवस्था कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति के अतिरिक्त विकासखण्ड करनैलगंज, हलधरमऊ, कटराबाजार के निकटवर्ती ग्रामों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, युवक मंगल दल के सदस्यों, स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

**दीपोत्सव होगा जीरो वेस्ट इवेंट**

मतदाता जागरूकता के साथ ही इस आयोजन के माध्यम से जनपद में जीरो वेस्ट इवेंट की संस्कृति को भी विकसित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इस पूरे कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने का फैसला लिया है। यानि, इस आयोजन से उत्सर्जित कूड़ा का शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

# महिलाओं को किया जागरूक



**गोरखपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) सुश्री सौम्या माथुर के दिशा-निर्देश में स्वर्ण जयन्ती विद्यालय, बौलिया रेलवे कालोनी, गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बौलिया रेलवे कालोनी के आसपास की बस्तियों की महिलाओं एवं महिला सफाई कर्मचारियों को पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से संगठन की सदस्याओं ने सैनिटरी पैड वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर की वरिष्ठ चिकित्सक डा० तनु वर्मा ने उपस्थित महिलाओं को माहवारी के समय बरती जाने वाली स्वच्छता तथा सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और सैनिटरी पैड का उपयोग न करने से होने वाली हानि से महिलाओं को जागरूक किया। ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय महिला कल्याण संगठन, रेलवे बोर्ड/नई दिल्ली की देखरेख में सम्पूर्ण भारतीय रेल पर क्षेत्रीय रेलों एवं मंडलों की महिला कल्याण संगठन के माध्यम से मलिन बस्तियों, महिला सफाई कर्मचारियों, जरूरतमंद महिलाओं एवं महिला रेल यात्रियों को बिना किसी लाभ के समय-समय पर सैनिटरी पैड उपलब्ध कराया।

# राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता का करें अनुपालन-जिनिअ



**संतकबीरनगर,26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री/पदाधिकारियों के साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन प्रक्रिया सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह उपस्थित रहे।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नामांकन सम्बंधी, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, परमिशन, डमी वैलेट पेपर, ई0बी0एम0 सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मा0 निर्वाचन आयोग की गाईड लाइन के अनुसार जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करना एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नियमों का पालन करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि मा0 आयोग की मंशा एवं निदेर्शानुसार तथा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल 2024 को जनपद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद परमिशन हेतु सिगल विन्डों सिस्टम कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक कार्यालय में बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद से बाहर की दोनो विधानसभा क्षेत्रों खजनी एवं आलापुर के ए0आर0ओ0 द्वारा भी स्थानीय स्तर पर परमिशन जारी किया।

# पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर हो साफ सफाई व्यवस्था -जिनिअ



**बलरामपुर, 26अप्रैल (तरुण मित्र)** । लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को सकुशल , निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल स्पोर्ट स्टेडियम एवं परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार टेंट लगा पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरण किए जाने, बसों एवं छोटी गाड़ियों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रम में खड़ा किए जाने आदि का निर्देश दिया। 7

डीएम ने कहा की पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर साफ सफाई की समुचित व्यवस्था , पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था , शौचालय साफ सुथरे हो , मतदान कार्मिकों की गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए किए जाने का निर्देश दिए। पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर की अतिरिक्त व्यवस्था , मोबाइल शौचालय की व्यवस्था का निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्काउट गाइड शिविर में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश गोल मार्केट महानगर लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित चल रहे तृतीय सोपान जांच शिविर जीआरएस इंटर कॉलेज बस्ती में चौथे दिन बच्चों ने विभिन्न प्रकार के गैजेट निर्माण एवं वृहद कैंफायर के विषय में जानकारी प्राप्त किया,इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दीनानाथ मुख्य अतिथि, ओमप्रकाश श्रीवास्तव विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत किया और उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं दी कि बच्चे राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करें।

### रैन बसेरों को क्रियाशील बनायें-डीएम

**गोण्डा , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जनपद में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। दोपहर में लू चलने से आमजीवन प्रभावित है। ऐसे में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने आम जनमानस को राहत देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। आम जनमानस को लू से बचाव हेतु रेलवे व बस स्टेशन के निकट अस्थायी रूप से टेण्ट आदि लगाकर कुछ देर बैठने व आराम करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त रैन बरेसों को क्रियाशील कराते हुए वहां पर रात्रि विश्राम की सुविधा सुनिश्चित करनी होगी।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**गोरखपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन एवं नई उमंग ( अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ) एवम श्री गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में होटल सरोवर पोर्टिको, विजय चौक, गोरखपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आज के रक्तदान शिविर के लिए गोरखनाथ ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल ने रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन एवं नई उमंग सभी पदाधिकारी एवम रोटरियन को रक्तदान करने के लिए धन्यवाद दिया है।और कहा की संस्था द्वारा रक्तदान करना अच्छा संदेश है। रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है।अतः समय समय पर रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए।

### श्रीकृष्णा हॉस्पिटल में घुटने का सफल आपरेशन

**बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में घुटने के एसियल लीगामेन्ट का दूरबीन विधि से सफल आपरेशन हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. राजकुमार आर्य ने किया। जनपद के कुरदा निवासी 24 वर्षीय गुफरान ने दुर्घटना में अपना घुटना बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर लिया था। गुफरान के अनुसार वह कई अस्पतालों में हड्डी रोग चिकित्सकों के पास इलाज के लिये गया किन्तु कोई आपरेशन के लिये तैयार नहीं हुआ। श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. राजकुमार आर्य ने उनका सफल आपरेशन किया। उन्हें पूरी उम्मीद है कि वे पहले की तरह अपने घुटनों का इस्तेमाल कर पायेंगे।श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने हास्पिटल में पहली बार एसियल लीगामेन्ट का दूरबीन विधि से सफल आपरेशन एक बड़ी उपलब्धि है।

# बीएसए ने छात्रों को पुरस्कृत कर बढ़ाया हौसला




**बस्ती, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने बस्ती सदर विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय महरीपुर में कम्प्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास की शुरूआत करते हुये शत प्रतिशत मतदान पर जोर दिया। उन्होने उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों का आवाहन किया कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिये अपने मतदाधिकार का प्रयोग अवश्य करें।बीएसए ने कहा कि प्रमुख सचिव दुगार्शंकर मिश्र के दिशा निर्देश के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का आरम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर बीएसए ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के तीन सफल छात्रों अभय प्रताप, संगम और खुशबू को शील्ड देकर पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में बीएसए अनूप कुमार तिवारी ने शिक्षकों का आवाहन किया कि वे बदले परिवेश में अभिभावकों और छात्रों का भरोसा जीतकर नामांकन बढाये। बताया कि सरकार परिषदीय शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में समर्पित है।

## अवध शुगर ने किसानों का बकाया भुक्तान कराया

**कुशीनगर,26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। शुगर एनर्जी लिमिटेड यूनिट न्यू इंडिया शुगर मिल्स ढाढा बुजुर्ग हाटा द्वारा पेराई सत्र 2023,24 कुल 102.95 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई है तथा इसके सापेक्ष कुल देय गन्ना मूल्य 37475.25 लाख रुपए का खरीदे गए गन्ने का संपूर्ण भुगतान कृषकों के बैंक खाते में कर दिया गया है इसकी जानकारी चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह द्वारा एक प्रेस वार्ता में शामिल बताया गया । चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है सभी किसान भाई अपने खेतों पर उपस्थित हो कर गन्ने की सही प्रकार से सर्वे कराए ।

# खर पतवार की ढेर में लगी आग से दो घर जले




**कुशीनगर,26 अप्रैल (तरूणमित्र)**।जटहा बाजार थाना क्षेत्र की ग्राम पँचायत हिरनही नर्सरी टोला में शुक्रवार को करीब तीन बजे दिन में लगी आग से दो आवासीय फूस की झोपड़ियाँ जलकर राख हो गयीं । आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका जबकि ग्रामीणों की विशेष सक्रियता के कारण आग को नियन्त्रित करने में तत्काल सफलता मिल गयी जिससे अन्य झोपड़ियाँ या अन्य घरों को कोई नुकसान नहीं हो सका।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गाँव के नर्सरी टोला में हिरनही निवासी अमन पुत्र मुस्तकीम व नसीरूद्दीन पुत्र सुभान की आवासीय झोपड़ी आग की भेंट चढ़ गयी जबकि इन घरों के अगल बगल में गल्ला किये गये खर पतवार की ढेर में आग पकड़ ली जिसे बुझाने में ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया तब जाकर आग को बुझाने में कामयाबी मिली।

आग बुझाने के लिये हर घर जल नल योजना के अंतर्गत की गयी जलापूर्ति एवं बोरिंग पर पम्पिंग सेट इंजिन से पाइप के जरिये पानी निकाल लोगों ने आग को बुझाया । आग लगने की सूचना पर मुकामी थाने के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी अपने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रह एहतियातन कार्य मे जुटे रहे।

# भीषण गर्मी के चलते विद्यालयों क्र संचालन समय बदला

## गर्मी में लू से बचाव दृष्टिगत के लिए एडवाइजरी जारी



**गोण्डा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जनपद में अत्यधिक गर्मी/ हीट वेव के दृष्टिगत कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के सभी परिषद एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। अब आगामी 28 अप्रैल 2024 सुबह 7:30 बजे से 11:00 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी। वहीं, 29 अप्रैल से अग्रिम आदेशों तक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 तक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। उधर, गर्मी में लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव दृष्टिगत गोण्डा वासियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। इस मौसम में सावधानी बरतने को कहा है। साथ ही, जनपद वासियों को राहत देने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

**बस स्टॉप पर यह व्यवस्थाएं:** जिलाधिकारी ने अपने आदेश में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को सभी बस स्टॉप, टेम्पो स्टॉप पर हीट स्ट्रोक के संबंध में प्रचार प्रसार करने को कहा गया है। यहां, यात्रियों के बैठने के लिए शेड, पीने के पानी और ओआरएस पैकेट्स की व्यवस्था करनी होगी। सभी लम्बी दूरी की बसों में ओआरएस पैकेट्स और पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के बचाव के संबंध में आवश्यक जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना होगा। सभी पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। स्टाफ को ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर फील्ड विजिट करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान:**

प्रचार माध्यमों पर हीट वेव लू की चेतावनी पर ध्यान दें। अधिक से अधिक पानी पीयें। पसीना शोषित करने वाले हल्के रंग के वस्त्र पहनें। धूप के चश्में, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से संपर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ ले जायें।

ओ०आर०एस०, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, उबकाई, पसीना आना, मुर्छा आदि को पहचाने।

यदि मुर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें। अपने घर को ठण्डा रखें, परदे, दरवाजे आदि का कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें / उपलब्ध करायें। कर्मयारियों / मजदूरों को सूर्य के सीधे सम्पर्क से बचने हेतु सावधान करें। श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करने/कराने का प्रयास करें। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढ़ायें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोग ग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें ।

**यह न करें:** जानवरों एवं बच्चों को कभी भी बन्द खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर 12:00 से 03:00 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहांतक संभव हो घर के निचली मंजिल पर रहें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें।

जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रमसाध्य कार्य न करें। अधिक प्रोटीन तथा बासी एवं संक्रमित खाद्य एवं पेय पदार्थों का प्रयोग न करें।

## बाल संप्रेक्षण गृह का हुआ निरीक्षण

**संतकबीरनगर ,26 अप्रैल तरुणमित्र**। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार सिंह द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह-बस्ती का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में संत कबीर नगर से संबंधित विधि के विरोध में बालक बाल संप्रेक्षण गृह में निर्वासित है, सचिव द्वारा सभी बाल अपचारियों से बात चीत की गई तथा बीमार अपचारियों के स्वास्थ संबंधी हाल-चाल लिए गए। उनके पठन-पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संप्रेक्षण गृह में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। पाकशाला में पक रहे पकवान का भी निरीक्षण किया गया तथा अधीक्षक को साफ-सफाई एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।

# लोकसभा क्षेत्र गोण्डा से 17,कैसरगंज से 6 नांमाकन प्रत्र बिके

**गोंडा ,26 अप्रैल तरुणमित्र**। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत जनपद में 26 अप्रैल, 2024 को दो लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। जिसके अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कुल 11 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदा है जिसमें कुल 17 फार्म बिके हैं, इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से 6 लोगों ने नामांकन फार्म खरीदा है जिसमें कुल 6 फार्म बिके हैं।

लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कीर्ति वर्धन सिंह के प्रतिनिधि द्वारा दो सेट फॉर्म लिया गया भाजपा पार्टी से, गौतम प्रसाद शर्मा निवासी धौरहरा के द्वारा लोकसभा कैसरगंज एवं गोंडा से एक-एक सेट फॉर्म खरीदा गया निर्दलीय, विनोद कुमार सिंह निवासी बछईपुर के द्वारा लोकसभा गोंडा से एक सेट फॉर्म खरीदा गया निर्दलीय, लोकसभा गोंडा से श्रेया वर्मा निवासी सिरौली बाराबंकी के प्रतिनिधि द्वारा चारसेट फॉर्म खरीदा गया समाजवादी पार्टी से, लोकसभा गोंडा से राघवेंद्र निवासी नवागांव देवरिया अलावल के द्वारा स्वयं दो सेट फॉर्म खरीदा गया भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से मोहम्मद शाकिर निवासी इमामबाड़ा के द्वारा स्वयं एक सेट फार्म खरीदा गया निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से राम उजागर निवासी भरथापुर बलरामपुर ने स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से ओमप्रकाश तिवारी निवासी किरतापुर रेहरा बाजार बलरामपुर के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा गया निर्दलीय, लोकसभा कैसरगंज से दीपक पाठक निवासी बड़ाहाट जनपद बहराइच ने स्वयं एक सेट फार्म खरीदा कांग्रेस पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से विनोद कुमार पटेल निवासी नेवादा प्रतापगढ़ ने स्वयं एक सेट फॉर्म खरीद सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से सय्यद अब्दुल रऊफ निवासी मेवातियान गोंडा के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा गया।

# भाजपा प्रत्याशी की डगर में कई रोड़े बने मुसीबत

झाँसी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। झाँसी -ललितपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा 2014 व 2019 के बाद निरन्तर तीसरी बार सांसद जिताने का प्रयास कर रही है। पार्टी ने 2014 दिग्गज नेता उमा भारती और 2019 में उद्योगपति अनुराग शर्मा पर दांव लगाया था और दोनों बार वह सफल रही।

उमा को तो पार्टी ने बाद में केंद्र में मंत्री भी बनाया था। लेकिन 5 साल के उनके कार्यकाल में जनता से दूरी और नाराजगी को देखते हुए 2019 में उनका टिकट काटकर झाँसी के उद्योगपति परिवार से आने वाले अनुराग शर्मा को टिकट दे दिया गया। यह बदलाव जनता को रास आया भी, क्योंकि एक तो वे स्थानीय थे और दूसरे ब्राह्मण समुदाय से ताल्लुक रखते थे। 2024 में भाजपा ने अनुराग को ही दुबारा टिकट दिया है। शायद ब्राह्मण और उद्योगपति होने का फायदा अनुराग को मिला वरना उमाभारती की तरह ही अनुराग का भी डटकर विरोध हो रहा था, आरोप भी वही उमा भारती वाले हैं, कार्यकर्ताओं की उपेक्षा, मतदाताओं से दूरी और विकास कार्यों के प्रति लापरवाही। भाजपा ने अनुराग को टिकट दे तो दिया लेकिन अब चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें जनाक्रोश का सामना करना पड़ रहा है। और तो और जिस ब्राह्मण समाज का होने के कारण उन्हें टिकट का हकदार समझा गया उसी ब्राह्मण वर्ग का एक बड़ा तबका अनुराग के पक्ष में खुलकर उतर आया है। पिछले दिनों ब्राह्मण समाज के प्रभावशाली तबके ने इकट्ठे होकर अनुराग शर्मा के खिलाफ खुलकर पर्चे बांटे और



समाजजनों से अनुराग को धर्म विरोधी पार्टी का उम्मीदवार बताते हुए उन्हें हराने की अपील की। दरअसल, यह ब्राह्मण वर्ग इस बात से नाराज है कि राम मंदिर के उदघाटन में शंकराचार्यों की उपेक्षा क्यों की गई।

भाजपा को सनातन विरोधी, धर्म विरोधी व परशुराम विरोधी पार्टी बताते हुए कहा गया कि ऐसी पार्टी को सत्ता में रहने का हक नहीं है। चूंकि अनुराग भाजपाई उम्मीदवार हैं तो जाहिर है कि उन्हें निशाना बनाया ही जाएगा। दरअसल, 20 लाख से अधिक मतदाताओं वाली झाँसी - ललितपुर लोकसभा सीट को आरम्भ से ब्राह्मण सीट माना गया जबकि यहां सर्वाधिक मात्रा में पिछड़ा व दलित मतदाता है। ब्राह्मण इस लोकसभा क्षेत्र में लगभग पौने दो लाख से ऊपर हैं और यह संख्या कुल 20.5 लाख मतदाताओं की 10% होती है। 2019 में अनुराग को मिले वोटों में यह संख्या सात प्रतिशत थी।

परन्तु इस बार जिस तरह ब्राह्मण वर्ग अनुराग के विरोध में खुलकर उतर आया है वह उनके लिए चिंता का विषय हो सकता है। वैसे भी ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार पंजे की ओर रुझान अधिक नजर आ रहा है। मुस्लिम मतदाताओं की संख्या भी इस लोकसभा क्षेत्र में सवा लाख के ऊपर है और उनका भी साफतौर पर झुकाव इंडिया गठबंधन की ओर दिख रहा है। इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी के शामिल होने से भी कांग्रेस के गठबंधन की ओर से प्रत्याशी प्रदीप जैन को अपेक्षित समर्थन की आशा है। 2019 में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी को झाँसी - ललितपुर लोकसभा में 4 लाख के ऊपर वोट मिले थे, इसमें बड़ा प्रतिशत अगर गठबंधन प्रत्याशी की ओर मुड़ा तो अनुराग को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है। कुल मिलाकर ब्राह्मण वोट किसी सूरत में भाजपा से छिटका या बंटा तो भाजपा प्रत्याशी के लिए लगातार दूसरी और भाजपा के लिए लगातार तीसरी बार झाँसी -ललितपुर सीट जीतना दुश्वार भी हो सकता है।

## सरकार आपके द्वार, डीएम ने शुरू की अनूठी पहल

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शासन की मंशानुसार जन सामान्य को मूलभूत सुविधाओं का शत प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित कराएं जाने हेतु जिलाधिकारी ने आज अभिनव पहल की शुरूआत की है, जिसके तहत जिलाधिकारी प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के वार्डों में सुबह भ्रमण कर लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। जिलाधिकारी ने आज नगर पालिका, जल संस्थान एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 26 महावीरपुरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के अधिकारियों से नगर में नालियों व सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कैटल कैचर के संचालन की स्थिति की जानकारी ली, उन्होंने रूटचार्ट के बारे में चर्चा करते हुए मौके पर ही अन्ना गौवंशों को कैटल कैचर के माध्यम से पकड़वाया एवं निर्देश दिए कि शहर में अन्ना गौवंश को पकड़ कर गौशालाओं में भेजा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि वार्ड में 48 हैंडपंप में से 4 खराब पाए गए, जिन्हे तत्काल सुधरवाने के निर्देश दिए गए, इसके अलावा पानी की आपूर्ति को भी देखा गया, जहां समस्या है वहां अधिशासी अभियंता जल संस्थान को निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

## मतदान करना हमारा मौलिक कर्तव्य : डीआईओएस

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में नेहरू महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राचार्य राकेश नारायण की अध्यक्षता में लोकतन्त्र के लिए मतदान का महत्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता तथा मतदाता जागरूकता विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि स्वीप सहायक नोडल अधिकारी डीआईओएस ओमप्रकाश ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार और कर्तव्य है। मतदान करना भारतीय नागरिक का न सिर्फ अधिकार है बल्कि मौलिक कर्तव्य भी है। लोकतांत्रिक प्रणाली में भारतीय नागरिक को जितने अधिकार मिलते हैं उनमें से सबसे महत्वपूर्ण अधिकार मतदान का

### नेमवि में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता सम्पन्न



होता है। तभी तो हमें मतदाता कहा जाता है। यानी मतदाता अगर अपने अधिकार का इस्तेमाल करें तो वह एक सरकार को बना भी सकता है और उसे गिरा भी सकता है। लेकिन महत्वपूर्ण यही है कि मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। इतिहास विभाग के प्रो.पंकज शर्मा ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति लोकतंत्र के इस महापर्व पर मतदान के दिन मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहायता करेगी।

इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में सविता सोनी ने प्रथम स्थान, श्रुति कुशवाहा ने द्वितीय एवं जय झा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में वैष्णवी ने प्रथम स्थान, सुरूचि बुंदेला ने द्वितीय स्थान एवं राधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, कार्यक्रम अधिकारी अनीता, डा.मनोज कुमार, डा. रामकुमार रिछारिया, डा.जितेन्द्र राजपूत, कार्यक्रम अधिकारी डा.वर्षा साहू, डा.बलराम द्विवेदी, डा.राजीव निरंजन, फहीम बख्श, विवेक पाराशर, अंकित चैबे, कमलेश कुमार, कार्यालय से हीरू गुप्ता सहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति व जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

झांसी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। अनु सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष/ शैक्षिक सत्र 2023-24 में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति दशमोत्तर छात्रवृत्ति एंव शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत छात्रों द्वारा अनलाइन आवेदन करने एवं अन्य समस्त कार्यवाही पूर्ण करने हेतु समय-सारणी निर्गत की गयी है। समय सारिणी के अनुसार द्वितीय चरण में 01 जनवरी से 31 मार्च तक छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गये, उक्त आवेदन पत्र 15 अप्रैल तक सम्बन्धित शिक्षण संस्थाओं द्वारा ऑनलाइन अग्रसारित/ निरस्त किये जा चुके है। समय सारिणी के अनुसार 26 अप्रैल से 03 मई छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये ऑनलाइन आवेदन में हुयी त्रुटियों को छात्र/छात्राओं द्वारा अपनी लॉगिन से ठीक करते हुये फाईनल सबमिट किया जाना है ।

## बोर्ड परीक्षा में सद्गुरू के छात्र रहे अव्वल

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में सद्गुरू शिक्षा समिति जानकीकुंड से संचालित विद्याधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्रों का 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के उत्कृष्ट नतीजे आये हैं। 10वीं में 119 छात्र परीक्षा में शामिल हुए, 77 छात्र प्रथम श्रेणी व 25 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए।




शुक्रवार को 10वीं में अंशिका केशरवानी पुत्री रामशंकर केशरवानी 95.60 फीसदी, नीलम कुशवाहा पुत्री रामविलास कुशवाहा 95 फीसदी, नमो नारायण पुत्र अरुण कुमार मिश्रा 94 फीसदी अंक लाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। खुशबू बानो पुत्री मोहम्मद उस्मान 93.80 फीसदी अंक पाकर चैथे स्थान, श्रेया शुक्ला पुत्री सुशील कुमार शुक्ला 92.60 फीसदी अंक पाकर पांचवे स्थान पर आई। 12वीं में 107 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। 69 प्रथम श्रेणी व 15 छात्र द्वितीय श्रेणी में पास हुए।

12वीं में शिवानी देवी पुत्री मुन्नालाल पटेल88.80 फीसदी, शालिनी अनुरागी पुत्री मोहनलाल अनुरागी 85.60 फीसदी, अनुज कुमार द्विवेदी पुत्र संतोष द्विवेदी 83.40 फीसदी अंक पाकर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय आये। अमन कुमार अनुरागी पुत्र सुनील अनुरागी 82.80 फीसदी, पार्थ शुक्ला पुत्र मदगंजन शुक्ल 82.20 फीसदी अंक लाये। पूजा कुशवाहा पुत्री जय सिंह 82.20 फीसदी अंक पाकर सभी छात्रों ने विद्यालय का नाम रोशन किया।सद्गुरु शिक्षा समिति अध्यक्ष श्रीमती उषा जैन व ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर छात्र-छात्राओं, प्राचार्य, शिक्षकों व अभिभावकों को शुभकामनायें दी हैं।

## टीम ने ओवरलोड ट्रक पर की कार्रवाई, थपथपाई अपनी पीठ

बांदा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। संयुक्त चेकिंग अभियान के दौरान बीती रात 6 ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई हुई। क्रेसर से बिना रवन्ना प्रपत्र के ट्रक निकल रहे थे। गिरवां तिराहे के पास एसडीएम नरैनी विकास यादव तथा गिरवां पुलिस संयुक्त चेकिंग कर रही थी। गुरूवार की शाम गिट्टी भरकर आ रहे ट्रकों को रोककर जांच की गयी तो वह बिना प्रपत्र के ओवरलोड पकड़े गये। इनके विरूद्ध कार्रवाई करते हुए ट्रकों को गिरवां थाने मे खड़ा कराया गया है। चेकिंग के दौरान ट्रक चालकों को संयुक्त टीम ने कड़े निर्देश दिए कि शुक्रवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर और पन्ना जिलों मे हो रहे मतदान के चलते कोई भी वाहन सीमा से आवागमन नही करेगा। दूसरी तरफ डीएम के सख्त निर्देशों के बावजूद ओवरलोडिंग नही रूक रही।

## जिओ लोकेशन की सहायता से आसानी से पोलिंग बूथ पहुंचेंगे मतदाता : डीएम

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने एवं शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराये जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिये गए, साथ ही मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा हेतु जनपद ललितपुर कि आधिकारिक वेबसाइट पर वेबपेज http://lalitpur.nic.in/findmybooth का लोकार्पण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद ललितपुर के मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा को ध्यान में रखते में एन०आई०सी० ललितपुर द्वारा जनपद ललितपुर कि आधिकारिक वेबसाइट पर एक वेबपेज विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से मतदाता को अपने बूथ को खोजने में आसानी होगी, इस वेबपेज पर मतदान बूथ पर नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का नाम, मोबाइल नंबर तथा मतदान बूथ का जिओ-लोकेशन उपलब्ध है।

उक्त वेबपेज के माध्यम से मतदाता द्वारा बीएलओ से सीधे टेलीफोन पर संपर्क किया जा सकता है तथा मतदान बूथ तक पहुँचने का मार्ग भी गूगल मैप पर प्रदर्शित हो जाता है। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि उक्त वेब-पेज का उपयोग जनपद में मतदान प्रतिशत बढाने में सहायक सिद्ध होगा तथा मतदाता को मतदान के प्रति आकृष्ट करने का कार्य करेगा। उन्होंने क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देश दिये कि मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर पर्ची एवं वोटर गाइड का वितरण करें, साथ ही उन्हें शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें।

## वीआईपी सुरक्षा का एसपी ने कराया अभ्यास

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण कर लोस चुनाव के मद्देनजर वीवीआईपी/वीआईपी कार्यक्रमों में सुरक्षा बाबत प्रशिक्षण देकर रिहर्सल कराया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड देखी। परेड निरीक्षण दौरान अधिकारी/कर्मचारी का टर्न आउट चेक किया। परेड ग्राउण्ड में मौजूद सभी टोलियों की ड्रिल देखी। आवश्यक सुधार को प्रतिसार निरीक्षक को निर्देश दिये। उन्होंने परेड ग्राउण्ड में चुनाव दौरान वीवीआईपी/वीआईपी के मद्देनजर सुरक्षा के लिहाज से सम्बन्धित बिन्दुओं व रिंग राउण्ड टीम, रिजर्व पुलिस की ड्यूटी बाबत प्रशिक्षण देकर रिहर्सल कराया। प्रशिक्षण/रिहर्सल बाद पुलिस अधीक्षक ने आदेश कक्ष में कर्मचारियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी/लाइन्स राजकमल, सीओ मऊ जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता को हो रही विभिन्न प्रतियोगितायें

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद व सीडीओ/नोडल अधिकारी स्वीप अमृतपाल कौर के निर्देश पर लोस चुनाव मतदान तिथि बीस मई को जिले की दोनों विधानसभाओं में ज्यादा से ज्यादा मतदान की गरज से सुनियोजित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) के तहत प्रत्येक दिन भिन्न-भिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को मतदाता शिक्षा देने की खातिर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जागरूकता आधारित कार्यक्रम हो रहे हैं। शुक्रवार को गठित ईएलसी से मतदाता जागरूकता आधारित रंगोली, मेहंदी, पोस्टर, भाषण,



निबंध, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिता से मतदाता जागरूकता किया जा रहा है।

छात्र-छात्रायें प्रतियोगिताओं में युवा मतदाताओं समेत भावी मतदाता के अंदर चुनाव की रुचि पैदा करने के साथ अभिभावक व घर-परिवार के लोगों को जागरूक कर रहे हैं। छात्र-छात्रायें गतिविधियों की चर्चा घरों में करेंगे। परिवार में मत के महत्व को बतायेंगे। मताधिकार का प्रयोग महत्वपूर्ण है, ताकि परिवार के लोग मतदान के प्रति जागरूक हों। वे अपने अमूल्य मताधिकार का प्रयोग करने को बीस मई को अपने-अपने बूथों में जायेंगे। बालक-बालिकाओं ने मेहंदी, रंगोली व पेंटिंग में मतदान तिथि का जिक्र कर मतदाता जागरूकता बाबत नारे लिखे हैं।

पिछले तीन दिनों में बजरंग इंटर कालेज सपहा, राजकीय हाईस्कूल मुर्का, शांति देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी, कृषक इंटर कॉलेज भौंरी, राजकीय हाईस्कूल मंडोर, राजकीय हाईस्कूल बियावल, वासुदेव इंटर कॉलेज मानिकपुर, बालिका इंटर कॉलेज मऊ, साहब सिंह इंटर कॉलेज पूरबपताई, राजकीय हाईस्कूल चांदी, राजकीय हाईस्कूल मिजार्पुर आदि विद्यालयों ने हिस्सा लिया।

## प्रत्याशी अलग बैंक खाते के साथ दाखिल करें नामांकन

बाँदा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दौरान निर्वाचन व्यय का अनुवीक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी से विशिष्ट रूप से निर्वाचन व्यय के प्रयोजन के लिए एक पृथक बैंक खाता खोलना अपेक्षित है। यह खाता अभ्यर्थी द्वारा अपना नाम नामांकन पत्र दाखिल करने की तारीख से कम से कम एक दिन पूर्व खोला जाएगा। इस बैंक खाते की खाता संख्या अभ्यर्थी अपना निर्देशन दाखिल करने के समय लिखित में रिटर्निंग आफिसर को सूचित किया जाएगा। सभी निर्वाचन व्यय केवल इसी बैंक खाते से किया जाएगा। निर्वाचन के संबंध में खर्च की जाने वाली सभी धनराशि चाहें वह अभ्यर्थियों की स्वयं की निधि हो या किसी अन्य स्रोत से प्राप्त हुई हो, इस बैंक खाते में जमा की जाएगी।

निर्वाचन व्यय के प्रयोजनके लिए बैंक खाता अभ्यर्थी के नाम से या उसके निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त नाम से खोला जा सकता है। बैंक खाता अभ्यर्थी के परिवार के किसी सदस्य या किसी अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त नाम से नही खोला जाना चाहिए, यदि वह व्यक्ति अभ्यर्थी का निर्वाचन अभिकर्ता नहीं है।बैंक खाता राज्य में कही भी खोला जा सकता है। खाता सहकारी बैंकों या डाकघर सहित किसी भी बैंक में खोला जा सकता है। अभ्यर्थी के विद्यमान बैंक खाते का उपयोग इस प्रयोजन के लिए नही किया जा सकता। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्वाचन व्ययों के लिए यदि नामांकन से पूर्व पृथक बैंक खाता नही खोला जाता है या कोई धनराशि उक्त बैंक खाता में जमा किए बिना खर्च की जाती है तो यह माना जाएगा कि अभ्यर्थी ने विहित रीति में खाते का अनुरक्षण नहीं किया गया है। अभ्यर्थी द्वारा सभी निर्वाचन व्यय केवल इसी बैंक खाता से किया जाएगा। निर्वाचन प्रचार पर अभ्यर्थी की स्वंय की निधि सहित वित्तपोषण के उसके स्रोत पर ध्यान दिए बगैर इस बैंक खाते में जमा किया जाए अभ्यर्थी द्वारा इस बैंक खाते के विवरण की एक स्व-प्रमाणित प्रति निर्वाचन व्यय के लेखा विवरण के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा जो परिणामों की घोषणा की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर दाखिल किया जाना अपेक्षित होता है। अभ्यर्थी निर्वाचन प्रयोजन के लिए खोले गए बैंक खाते से कॉस एकाउण्ट पेई चेक या ड्राफट या किसी भी इलेक्ट्रानिक माध्यम या अपने निर्वाचन व्यय उपगत करता है। तथापि, संपूर्ण निर्वाचन प्रकिया के दौरान यदि अभ्यर्थी द्वारा व्यय की किसी मद के लिए किसी व्यक्ति / कंपनी को देय रकम 10,000-00 रु० से अधिक नही है तो ऐसा व्यय उक्त बैंक खाते से आहरित करके नकद में उपगत किया जा सकता है।

अभ्यर्थियों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना भी अपेक्षित है कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान न तो उनके अभिकर्ता और न उनके समर्थक और न ही वे स्वंय निर्वाचन क्षेत्र में 50,000-00 रू0 से अधिक नकद राशि साथ मे रखे।

## विवेचनायें जल्द निपटाकर दिलायें न्याय : सीओ

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने अपराध शाखा कालूपुर में अपराध शाखा के विवेचकों का अर्दली रूम किया। शुक्रवार को सीओ श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने अर्दली रूम दौरान विवेचकों से लम्बित विवेचनाओं बाबत विस्तार से जानकारी ली। विवेचनाओं को लम्बित रखने के कारण पूंछे। गुण-दोष आधार पर लम्बित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ज्यादा दिनों तक विवेचनायें अपने पास न रखें।

## संक्षिप्त समाचार

### तमंचा-कारतूस समेत एक दबोचा

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय ने नीलू यादव पुत्र मुन्ना यादव उर्फ सुमन कुमार चिल्लीमल के कब्जे से तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा चन्द्रमणि पाण्डेय, सिपाही राहुल पुरी व महेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### युवा न्याय संवाद का आयोजन

झांसी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कुंज बिहारी वाटिका में आयोजित 'युवा न्याय संवाद' कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं ने संवाद किया। युवा शक्ति की ऊर्जा, प्रतिभा एवं उनके विचारों का आदान - प्रदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान पूर्व सांसद डॉ चंद्रपाल सिंह यादव एवम प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह प्रभारी युवक कांग्रेस ने युवाओं से संवाद किया। इण्डिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अर्चना गुप्ता, प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा, जिलाध्यक्ष अरशद खान, गयादीन कुशवाहा, महानगर अध्यक्ष, शाजिद निसार सिद्दीकी, बृजेन्द्र सिंह भोजला जिलाअध्यक्ष समाजवादी पार्टी, तनवीर आलम महानगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, सीताराम कुशवाहा (पूर्व प्रत्याशी), डॉ रघुवीर सिह चौधरी, योगेन्द्र सिंह पारीक्षा, (जिला अध्यक्ष कांग्रेस ), राजेंद्र सिंह यादव, मनोज गुप्ता (शहर अध्यक्ष कांग्रेस ), प्रदेश प्रवक्ता गौरव जैन, युवराज सिंह यादव, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे, इम्त्याज हुसैन, अफजाल हुसैन, शंभू सेन, भरत राय, चंदा भाई आदि उपस्थित रहे।

### मेधावी छात्राओं का स्वागत

झांसी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज,बाहर दतिया गेट झांसी के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय द्वारा विद्यालय की झांसी जिला में आने वाली हाईस्कूल टॉपर छात्रा कशिश पाल एवं झांसी जिले की सूची में विद्यालय से हाईस्कूल एवं इंटरमीडियट में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं के साथ-साथ विद्यालय की टॉप 10 छात्रा व विषय स्तर पर टॉप अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा बहनों का ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। हाईस्कूल की छात्रा बहनों का स्वागत कक्षा 9 में पढ़ने वाली छात्रा बहनों ने किया इसी तरह इंटरमीडिएट की छात्रा बहनों का स्वागत कक्षा 11 में पढ़ने वाली छात्रा बहनों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री कल्पना सिंह दीदी ने सभी टॉपर छात्रा बहनों एवं विषयवार अच्छे अंक प्राप्त करने वाली छात्रा बहनों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा मेधावी छात्रा बहनों को फूल माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

### मतदान केन्द्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश

ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जनपद में लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने जोन संख्या-01 बानपुर के सेक्टर-2 मोगान के ग्राम म्यांव, कैलगुआ, मौगान व बरतला एवं बिल्ला सहित संवेदनशील/अति संवेदनशील मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया, साथ ही मतदाताओं से वार्ता कर शान्तिपूर्ण तरीके से शत-प्रतिशत मतदान कराने की अपील की। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय म्यांव, प्राथमिक




विद्यालय नं.-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कैलगुवां, प्राथमिक विद्यालय ककरेला कैलगुवां, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोगान एवं प्राथमिक विद्यालय बरतला के मतदेय स्थलों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में 20 मई को मतदान दिवस पर सम्भावित गर्मी के दृष्टिगत पर्याप्त पेयजल, बैठने हेतु छायादार स्थान, परिसर में टेण्ट, शौचालय, कक्षों में पर्याप्त प्रकाश व्यवथा, रैम्प आदि के साथ वैकल्पिक व्यवस्था भी सुनिश्चित करायें। इसके अतिरिक्त महिलाओं, उनके साथ आए बच्चों, वयोवृद्ध मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं ताकि किसी भी मतदाता को मतदान के दौरान परेशानी न हो। डीएम ने निर्देश दिये कि मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु जागरुक किया जाए, विभिन्न मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में अधिक से अधिक मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राम पंयायत स्तर पर भी टोलियां बनाकर भ्रमण कराया जाए, साथ ही इसमें बच्चों, बुजुगो व महिलाओं का सहयोग लिया जाए। निरीक्षण दौरान उप जिलाधिकारी महरौनी, खण्ड विकास अधिकारी बार, एसडीओ विद्युत, एसडीओ जल निगम सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

बाँदा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना कमासिन पुलिस द्वारा देशी शराब के ठेके से चोरी करने वाले वांछित अभियुक्त को चोरी के सामान व अवैध तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब को थाना कमासिन क्षेत्र के ग्राम दादौं में दिनांक 12.अप्रैल की रात्रि को 03 व्यक्तियों द्वारा देशी शराब के ठेके से चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसके सम्बन्ध में थाना कमासिन पर 03 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए चोरी की घटना में शामिल 02 अभियुक्तों 1-रमेश पुत्र सन्तु व 2-महेश पुत्र रामबली निवासीगण दादौं थाना कमासिन जनपद बांदा को दिनांक 14.अप्रैल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । थाना कमासिन पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना में वांछित आरोपी नरेन्द्र कोरी पुत्र राधेश्याम निवासी दादौ को ग्राम बीरा तिराहे से गिरफ्तार किया गया । आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है तथा अभियुक्त की निशाँदेही पर चोरी के उक्फको बरामद किया गया ।

## साप्ताहिक परेड कर एसपी ने किया निरीक्षण



ललितपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसपी ने शस्त्र हैंडलिंग व दंगा नियंत्रण उपकरणों का अभ्यास भी देखा।

पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, आरमरी आदि का निरीक्षण कर शस्त्रों की साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। एसपी ने यू.पी. 112 के वाहनों को चेक किया गया तथा प्राथमिक उपचार किट व दंगा नियंत्रण उपकरण चैक कर पुलिस कर्मियों को घटना स्थल को सुरक्षित करने का अभ्यास कराकर निर्देशित किया गया कि इवेन्ट की सूचना पर शीघ्र अतिशीघ्र पहुंचकर पीडित को हरसंभव मदद करें।

इस दौरान परेड में शामिल पुलिस कार्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। डायल 112, परिवहन शाखा, स्टोर, पुलिस मेस, निमार्णाधीन बिल्डिंग, बैरकों, पुलिस कैटींन एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों को चेक कर साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com